हरिभूमि
रायपुर भूमि

- रायपुर से लेकर अभनुपर स्टेशन में तैयारी हुई तेज, स्टेशनों में होगा ट्रेन का भव्य स्वागत
- 30 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शाम 4.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

9 बरस बाद अभनपुर तक कल से गूंजेगी छुकछुक की आवाज, आज रायपुर पहुंचेगी नई चमचमाती लोकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

रायपुर से अभनपुर के बीच 30 मार्च से ट्रेनों का परिचालन शुरू होने जा रहा है। शाम 4.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। 9 सालों के लंबे इंतजार के बाद चमचमाती नई लोकल ट्रेन रायपुर से रवाना होकर मंदिर हसौद, सीबीडी होते हुए केंद्री के बाद अभनपुर स्टेशन पहुंचेगी। नई लोकल ट्रेन में यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। महानगरों की तर्ज पर इस ट्रेन के कोच में कैमरे और शौचालय ▶▶| शेष पेज 13 पर

नई ट्रेन चलेगी

रायपुर से अभनपुर के बीच नई लोकल ट्रेन चलेगी। 37 किलोमीटर की दूरी के लिए 10 रुपए किराया रहेगा। तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। ट्रेन में यात्री आरामदायक सफर का अनुभव करेंगे।

- अवधेश कुमार त्रिवेदी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक

पहले दिन निशुल्क कर सकेंगे सफर

ट्रेन का परिचालन शुरू होने से पहले रायपुर रेलवे स्टेशन से लेकर अभनपुर तक स्टेशनों का रंगरोगन का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के साथ रेलवे बोर्ड के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। रायपुर से रवाना होने के बाद अभनुपर तक स्टेशनों में लोगों और जनप्रतिनिधि द्वारा ट्रेन का स्वागत किया जाएगा, जिसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। बता दें कि पहले दिन ट्रेन का सफर यात्रियों के लिए निःशुल्क रहेगा। यात्री रायपुर से अभनपुर तक सफर कर सकते हैं।

अभनपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ेंगे अधिकारी

अभनपुर स्टेशन में तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। यहां लोकार्पण के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारी और जनप्रतिनिधि सीधे जुड़ेंगे। ट्रेन के अभनपुर पहुंचने पर फूलों और ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया जाएगा। स्टेशन में रंगरोगन और अन्य छोटे कार्य बाकी हैं, जिन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है।

कलेक्टर-एसएसपी डीआरएम ने लिया जायजा

अभनपुर-रायपुर के बीच नई रेल सेवा के शुभारंभ को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अभनपुर से रायपुर तक निरीक्षण वैन से यात्रा कर रेलवे ट्रैक और ▶▶| शेष पेज 13 पर

खबर संक्षेप

दोपहिया पर दिखाया स्टंट लगा छह हजार जुर्माना

रायपुर। नवा रायपुर में बाइक स्टंट का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने पर ट्रैफिक पुलिस ने स्टंट करने वाले की पहचान कर छह हजार रुपए जुर्माना राशि वसूल की है। ट्रैफिक पुलिस ने मंदिर हसौद निवासी खेलू विश्वकर्मा का चालान काट दिया। खेलू ने नवा रायपुर में बाइक स्टंट कर सोशल मीडिया पर अपनी रील वायरल की थी, जिसके बाद उस पर कार्रवाई की गई।

अंतर्जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

रायपुर। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित रायपुर रेंज अंतर्जिला पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन आईजी अमरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने पुलिस बैंड पर मार्च पास्ट निकाला।

आरंग देशी शराब दुकान से डेढ़ लाख की मदिरा पार

रायपुर। आरंग थाना में एक शराब दुकान के सुपरवाइजर ने अज्ञात के खिलाफ गुल्लू स्थित देशी शराब दुकान से डेढ़ लाख रुपए से ज्यादा कीमत की 29 पेटी देशी शराब तथा नकदी 16 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उबारन दास पुरैना ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उबारन ने पुलिस को बताया कि बुधवार-गुरुवार दरमियानी रात अज्ञात चोर शराब दुकान के लोहे का दरवाजा तोड़कर दुकान के अंदर रखी शराब की पेटियां तथा नकदी चोरी कर ले गया है।

अज्ञात वाहन के चपेट में आकर युवक की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार रोड एक्सीडेंट में मिथलेश दास मानिकपुरी की मौत हुई है। मिथिलेश के रिश्तेदार ने पुलिस को बताया कि मिथिलेश गुरुवार रात घर से खाना खाने के बाद अपने दोस्त के साथ बाइक से रायपुर आ रहा था। जरौंदा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। इसके बाद मिथिलेश बाइक से गिर गया और अज्ञात वाहन से टकराने की वजह से उसे गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

1529 करोड़ 53 लाख 28 हजार का बजट पेश, 79 लाख फायदे का बजट

रायपुर निगम के बजट में सेंट्रल लाइब्रेरी वर्किंग वीमेंस हॉस्टल और दिव्यांग पार्क

पीली मखमली फाइल में बजट लेकर पहुंचीं महापौर चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने अपने पहले निगम बजट में नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर युवाओं के लिए 500 सीटर क्षमता वाली 2 आधुनिक लाइब्रेरी सह रीडिंग जोन निर्माण का ऐलान किया है। इसी तरह कामकाजी महिलाओं के लिए शहर में 3 स्थानों पर वर्किंग वीमेन हॉस्टल और वीमेन रेस्ट हाउस बनाये जायेंगे। इसमें सेनेटरी वेडिंग मशीन और बेबी फीडिंग रूम भी होंगे। वहीं रायपुर में युवाओं के लिए यूथ हॉस्टल बनाया जायेगा। महापौर ने कहा कि पिछली बार पूर्व महापौर ने 1901 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया था, उसमें सिर्फ 850 करोड़ ही खर्च हुये, हमारा बजट वास्तविकता का बजट है। वहीं नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने इसे फेलियर बजट करार दिया है।

गांधी सदन में शनिवार को महापौर मीनल चौबे ने 1529 करोड़ 53 लाख 28 हजार का बजट पेश कर दिया, जो कि 79 लाख रुपये के फायदे का बजट है। इस बजट में बच्चों के लिए प्ले जोन, युवाओं के लिए सेंट्रल लाइब्रेरी और महिलाओं के लिए वर्किंग वीमेन हॉस्टल और वीमेन रेस्ट रूम बनाये जाने का प्रावधान है। साथ ही शहर में पेयजल समस्या दूर करने 3 नई पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा। इस मौके पर सदन में विधायक ▶▶| शेष पेज 13 पर

- महिला सुरक्षा के लिए पब्लिक प्लेस पर सर्विलांस कैमरे लगाने का प्रावधान

निगम बजट में किसके लिये क्या खास रहा

मखमली फाइल में बजट लेकर पहुंचीं महापौर, शेरो-शायरी से शुरुआत

डेढ़ दशक बाद भाजपा महापौर के रूप में मीनल चौबे गांधी सदन में शनिवार को पीली मखमली फाइल में बजट लेकर पहुंचीं। इस फाइल में छत्तीसगढ़ महतारी का चित्र अंकित है। राजधानी विकास के लिए मीनल ने अपने इरादे बजट अभिभाषण में कविता की पंक्तियों से शुरू किया -

बेटी अब बेबस नहीं, कहानी नई लिख रही है,
हाथा में कलम लिए, शहर की तकदीर गढ़ रही है
रायपुर की गलियों से चलकर, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ी, वही बेटी ब
शहर की एक नई पहचान लिख रही है।

सदन में मौजूद सदस्यों ने मेज थपथपाकर महापौर मीनल चौबे की पंक्तियों का स्वागत किया।

रायपुर शहर का इतिहास बताते हुए मीनल ने कुछ यूं कहा :

रख हौसला वह मंजर भी आयेगा, प्यासे के पास चलकर समंदर भी आयेगा।
थककर न बैठ ऐ मंजिल के मुसाफिर मंजिल भी मिलेगी और मिलने का मजा भी आयेगा

महापौर ने अपने बजट अभिभाषण में पिछली सरकार और पूर्व की परिषद की राजनीति पर कहा, सपनों के घोड़े पर बैठे शहंशाह पर किसी का लगाम न रहा। हम रायपुर को स्वर्ग सा निखारेंगे, शहर की हर गली-मोड़ चमकायेंगे।

महिलाओं के लिए

- कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वीमेन हॉस्टल
- महिला शौचालय में सेनेटरी वेंडिंग मशीन और बेबी फीडिंग रूम
- सार्वजनिक स्थलों पर महिला सुरक्षा के लिए सर्विलेंस कैमरे लगाये जायेंगे
- महिला स्व सहायत समूह की दीदियां बैंक लिंकेज से जुड़ेंगी
- थर्ड जेंडर की रुचि अनुसार प्रशिक्षण

युवा वर्ग के लिए ये सुविधा

- रायपुर में युवाओं के लिए यूथ हॉस्टल तैयार किये जायेंगे, बजट में 15 करोड़ का प्रावधान
- नालंदा लाइब्रेरी की तर्ज पर अलग-अलग हाईटेक लाइब्रेरी 22.48 करोड़ का प्रावधान
- नगर निगम क्षेत्र में युवाओं के लिए प्ले जोन बनाये जायेंगे, जहां युवा खेल गतिविधि से जुड़ सकेंगे

यातायात व्यवस्था सुगम बनाने इस तरह के प्रावधान

- 18 प्रमुख चौराहों का पुनर्विकास किया जायेगा
- पार्किंग स्थल पर स्वचालित पार्किंग की सुविधा
- शहर को धूल मुक्त करने सड़कों पर डामरीकरण और कंक्रीटीकरण

इसके अलावा महादेवघाट सौंदर्यीकरण के लिए 15 करोड़, पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

रायपुर में नहीं बढ़ेंगी शराब दुकानें जिस इलाके में ज्यादा दुकान वहां घटाकर विहीन क्षेत्र में की जाएगी शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वित्तीय वर्ष 2025-26 में आबकारी विभाग की नई नीति के तहत छत्तीसगढ़ में 67 नई दुकानें खोली जाएंगी। ये दुकानें अलग-अलग जिलों के ऐसे क्षेत्र में खोली जाएंगी, जहां शराब की कोई दुकान नहीं है। सूत्रों के अनुसार जिन जिलों में ये दुकानें खुलेंगी, उनमें रायपुर जिला को शामिल नहीं किया गया है, क्योंकि जिले में अन्य जिलों की तुलना में सबसे ज्यादा शराब की दुकानें हैं।

रायपुर में कई इलाके ऐसे हैं, जहां आसपास शराब की कई दुकानें हो गई हैं। इसके कारण जिले की दूसरी शराब दुकान विहीन क्षेत्रों में लोगों को शराब लेने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि जिन इलाकों में जरूरत से ज्यादा दुकान हैं, वहां की कुछ दुकानों को चिन्हित कर विहीन क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाएगा।

विभाग का राजस्व बढ़ेगा

शराब दुकान विहीन क्षेत्र में दुकान खुलने से विभाग की भी कमाई बढ़ जाएगी। शराब दुकान नहीं होने के कारण लोग अवैध रूप से बिकने वाली शराब खरीदते हैं। इसके कारण विभाग को भी नुकसान होता है। दुकान खुलने से लोग शराब वहीं से खरीदेंगे, जिससे विभाग की आय के साथ राजस्व भी बढ़ेगा।

अवैध शराब की बिक्री पर भी लगेगी रोक

रायपुर शहर सहित जिले के कई क्षेत्रों में शराब की ज्यादा दुकानें होने के कारण उन क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री भी बहुत कम हो पाती है, लेकिन जिन क्षेत्रों में शराब की दुकान नहीं हैं, वहां अवैध शराब की जमकर बिक्री होती है। ऐसे शराब दुकान विहीन क्षेत्रों में कोचिए से लेकर शराब माफिया ज्यादा सक्रिय रहते हैं। खासकर त्योहार के दौरान इन क्षेत्रों में अवैध शराब की जमकर बिक्री होती है। लोगों को भी ज्यादा कीमत देकर शराब खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दुकानों के शिफ्ट होने से विहीन क्षेत्रों में भी अवैध शराब की बिक्री कम होगी और लोगों को भी सही कीमत पर शराब मिल पाएगी।

जिले में शराब की 78 दुकानें, इनमें सर्वाधिक शहर में संचालित

विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में देशी-विदेशी, प्रीमियम मिलाकर कुल 78 शराब की दुकानें संचालित हैं। इनमें सर्वाधिक दुकानें रायपुर शहर में संचालित हैं। इन दुकानों में ऐसी कई दुकानें हैं, जो एक ही सर्कल क्षेत्र में हैं। इनमें एक दुकान से दूसरी दुकान के बीच की दूरी आधा किलोमीटर से एक किलोमीटर है। इधर दूसरी ओर जिले में ऐसे शराब दुकान विहीन क्षेत्र हैं, जिनकी शराब दुकान वाले क्षेत्र से दूरी 5 किलोमीटर से भी ज्यादा है। इसके कारण ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले शराब के शौकीन लोगों को शराब खरीदने के लिए लंबी दूरी तय कर शराब खरीदने जाना पड़ता है। इससे लोगों को परेशानी होती है, साथ ही वाहन से आने-जाने में भी पैसे खर्च करना पड़ता है। विभाग ऐसे ही विहीन क्षेत्रों में शराब दुकान शिफ्ट करने की तैयारी में है।

रविवि के तीन विभागों को मिले डीन अन्य विश्वविद्यालयों में फिलहाल इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि के तीन विभागों को महीनों इंतजार के बाद अंततः डीन मिल गए हैं। रविवि सहित प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों में डीन के पद रिक्त हैं। इसके कारण विश्वविद्यालयों को कई स्तर पर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। हरिभूमि ने इस समस्या को प्रमुखता के साथ सामने रखा था। कुलाधिपति द्वारा संकायाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के पश्चात विश्वविद्यालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके मुताबिक, सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन डॉ. प्रभावती शुक्ला होंगी। वे रविवि अध्ययनशाला में मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं। शारीरिक शिक्षा संकाय का दायित्व डॉ.रीता वेणुगोपाल को ▶▶| शेष पेज 13 पर

फिलहाल तीन विभाग में ही नियुक्ति, आदेश जारी

राजभवन ने दो वर्ष के लिए नियुक्त किए डीन महाविद्यालयीन प्राध्यापक को भी जगह

विभागाध्यक्षों की नियुक्ति सीधे है विवि स्तर पर, डीन के लिए राजभवन की अनुमति अनिवार्य
कुलपति छोड़िए...यहां डीन के लिए ही तरस गए

कहीं से भी चुन सकते हैं डीन

डीन विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के इतर महाविद्यालयों से भी चुन सकते हैं। इस बार हमारे महाविद्यालय के प्राध्यापक को अवसर दिया गया है।

- डॉ. देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत कॉलेज

पूरा करना होता है मापदंड

विश्वविद्यालय द्वारा अध्ययनशाला के लिए विभागाध्यक्षों की नियुक्ति अपने स्तर पर की जाती है, लेकिन डीन की नियुक्ति राजभवन से होती है। इसके लिए विवि द्वारा केवल नाम ही भेजे जाते हैं। अध्ययनशाला विभागाध्यक्षों विवि यूटीडी के ही प्राध्यापकों को बनाया जाता है, लेकिन डीन महाविद्यालय के प्राध्यापक को भी बनाया जा सकता है। इसके लिए निर्धारित मापदंड पूर्ण करना अनिवार्य होता है। उदाहरणस्वरूप, प्राध्यापक जिस महाविद्यालय में अध्यापन कार्यरत है, वहां संबंधित संकाय का स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम होना जरूरी है। इसके अलावा पीएचडी तथा अध्यापन अनुभव संबंधित योग्यता पूर्ण करना भी जरूरी है।

रीएजेंट घोटाले में अभी बाकी है पूछताछ.... पांचो रहेंगे 3 अप्रैल तक ईओडब्लू की कस्टडी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रीएजेंट और उपकरण खरीदी के नाम पर 660 करोड़ के घोटाले में अभी पूछताछ बाकी है। ईओडब्लू की टीम ने अपनी विशेष कोर्ट में पेश कर पिछले दिनों गिरफ्तार आरोपियों की कस्टडी 3 अप्रैल तक बढ़वा ली है। गिरफ्तार आरोपी दवा कार्पोरेशन और स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े हुए थे। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से घोटाले को अंजाम दिया था।

- दवा कार्पोरेशन और स्वास्थ्य संचालनालय से जुड़े आरोपी हुए थे गिरफ्तार

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े इस महाघोटाले की जांच ईओडब्लू द्वारा की जा रही है। इस मामले में उन सारे तथ्यों को खंगाला जा रहा है, जिसके माध्यम से शासन को कई सौ करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया है। ईओडब्लू ने सबसे पहले मोक्षित कार्पोरेशन ▶▶| शेष पेज 13 पर

बड़े अफसरों पर कार्रवाई का इंतजार

इस घोटाले में ईओडब्लू द्वारा अब तक क्लास-2 वर्ग के अधिकारियों पर हाथ डाला गया है। प्रकरण में कुछ आईएएस अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होने की संभावना है। कराई गई एफआईआर में सीजीएमएससी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर और संचालक स्वास्थ्य सेवाओं को भी जिम्मेदार माना गया गया था। दोनों महत्वपूर्ण पदों की ▶▶| शेष पेज 13 पर

कोल घोटाला : आईएएस मौर्य समेत नौ के खिलाफ पूरक चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोल घोटाला मामले में ईडी के वकील ने स्पेशल कोर्ट में निलंबित आईएएस रानू साहू के पति आईएएस जेपी मौर्य समेत नौ लोगों के खिलाफ पूरक अभियोजन चालान पेश किया है। कोर्ट में पेश किए गए चालान में बताया गया है कि जेपी मौर्य अपनी पत्नी के साथ मिलकर काम करते थे। जिन नौ लोगों के खिलाफ कोर्ट में पूरक अभियोजन चालान पेश किया गया है। उनमें उनकी कोल घोटाले में भूमिका के बारे में जानकारी दी गई है।

- निलंबित आईएएस रानू साहू के पति हैं जेपी मौर्य

ईडी के वकील ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें हेमंत जायसवाल, वीरेंद्र जायसवाल, एडवोकेट पीयूष भाटिया, कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, कोयला फर्म के मालिक जोगिंदर सिंह, शेख मोइनुद्दीन कुरैशी, पारिख कुर्रे व राहुल सिंह को आरोपी बनाया गया है। कोर्ट में ▶▶| शेष पेज 13 पर

हरिभूमि पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

अभनपुर पालिका अध्यक्ष ने विभागों का प्रभार सौंपा

अभनपुर। नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा प्रेसीडेन्ट इन कांउसिंग के विभाग मे पार्षदो को प्रभार दिया गया है,श्रीमति सुशीला हरवंश को आवास पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग,श्रीमति महेश्वरी वैष्णव जल कार्य विभाग,उपाध्यक्ष बलविंदर सिंह गांधी को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग,बीरबल दास टंडन बाजार तथा राजस्व विभाग,डोमेन्द्र साहू खाद्य नागरिक आपूर्ति,पुर्नवास तथा नियोजन विभाग,श्रीमति दीक्षा राठी शिक्षा,महिला तथा बाल कल्याण विभाग,बीरेन्द्र प्रताप सिन्हा को विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग मिला है।

भिलाई में धीवर समाज का आज होली मिलन

आरंग। ग्राम भिलाई मे 29 मार्च को दोपहर 2 बजे धीवर समाज भिलाई के तत्त्वाधान मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमे मुख्य अतिथि यशवंत साहू जिला पंचायत सदस्य, अध्यक्छता पुरषोत्तम धीवर अध्यक्छ धीवर समाज चरौदा परगना, अतिविशिष्ट अतिथि लीला राम तारक संरक्छक पूर्व महासभा अध्यक्छ पाहदा, ताराचंद तारक कोषाध्यक्छ धीवर समाज चरौदा परगना, लक्ष्मीनाथ तारक सचिव धीवर समाज चरौदा परगना, कमल तारक जनपद सदस्य, रिंकू चंद्राकर जनपद उपाध्यक्छ आदि रहेंगे।

चिखली में कबड्डी स्पर्धा आज होगी

आरंग। ग्राम चिखली मे 29 मार्च को शाम 6 बजे से कबड्डी प्रतियोगिता रखा गया है। जिसमे प्रथम पुरस्कार 12001, द्वितीय 8001, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 रू. दिया जायेगा।

आज कोसरिया मरार पटेल समाज का वार्षिकअधिवेशन

आरंग। शनिवार को कोसरिया मरार पटेल समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 29 मार्च को ग्राम पारागांव में रखा गया है। जिसमें कोसरिया मरार पटेल समाज नांदगांव राज महासमुंद व आरंग तहसील के बड़ी संख्या में सामाजिक जन एकत्रित होकर समाज विकास, संगठन पर चर्चा व चिंतन करेंगे। साथ ही समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान करेंगे।

30 को अग्रसेन योगासन शाखा मनाएगा हिंदू नववर्ष

आरंग। सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय मे 30 मार्च को सुबह 7 बजे अग्रसेन योगासन शाखा द्वारा हिन्दू नववर्ष मनाया जाएगा। जिसमे मुख्य अतिथि डा संदीप जैन नापाध्यक्छ शामिल होंगे। वही कार्यक्रम की अध्यक्छता कमल नारायण देवांगन करेंगे।

युवा संगठन ने किया प्याऊ केंद्र का शुभारंभ

आरंग। गुरुवार को ग्राम चरौदा में के युवाओं ने भक्त माता कर्मा मंदिर परिसर में सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीआरपीएफ कैंप भिलाई के कमांडेंट डाक्टर मनीषा गर्ग ने पहुंचकर युवाओं द्वारा सार्वजनिक प्याऊ केंद्र संचालित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा प्यासे को पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। गर्मी में सभी प्राणियों को ठंडा जल की आवश्यकता होती है। गर्मी में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त जल पीना चाहिए। युवा साहू संगठन के युवाओं ने बताया विगत चार वर्षों से राहगीरों के लिए यहां सार्वजनिक प्याऊ केंद्र का संचालन करते आ रहे हैं। जिसमें प्रमुख रूप से युवा साहू संगठन अध्यक्ष दुलार साहू, सचिव जागेश्वर साहू, गिरिराज साहू, वासुदेव साहू, देवानंद साहू, जितेंद्र साहू, राजीव साहू, भीखम साहू, जगमोहन साहू, तोषण साहू, गौकरण साहू, लोकेश साहू, विष्णु साहू, चंदन साहू, घनश्याम साहू, अमित साहू, देवानंद साहू की अहम भूमिका है। इस अवसर पर विष्णु साहू, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

महाविद्यालय मे एक दिनी कार्यशाला का आयोजन

आरंग। बद्री प्रसाद लोधी स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय आरंग में वर्तमान की गंभीर समस्या साइबर अपराध एवं वित्तीय जागरूकता के अभाव के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

चयन : चयनित बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरपंच, जनपद, विधायक ने दी शुभकामनाएं

नवीन शाला बहनाकाड़ी के 3 छात्रों का नवोदय में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर से पूर्व दिशा में 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बहना काड़ी के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा बहना काड़ी के 3 बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन जहां रायपुर जिला के माना स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठवीं के लिए 80 सीट के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित किया गया था. जिसमें रायपुर जिला से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित हुए. जिसमें आरंग ब्लाक के ग्राम बहना काड़ी के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला खदान पारा के तीन बच्चे शिक्षा बारले पिता लक्ष्मीनारायण बारले, लोकेश कुमार कुर्रे पिता किशनलाल कुर्रे, राहुल कुसरो पिता मोती सिंह का चयन हुआ.जिससे स्कूल के बच्चों शिक्षकों और पालको में हर्ष वही पालक जनप्रतिनिधि सरपंच अशोक बंजारे, जनपद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुर्रे, गुरु खुशवंत आरंग विधायक संकुल प्रभारी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व ग्रामीणों ने चयनित बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए. साथ ही सुशील भतपहरी प्रधान पाठक शिक्षक लक्ष्मी नारायण बारले, शिक्षिका अनीता तिवारी सभी को बधाई दी। लगातार नवोदय विद्यालय जवाहर उत्कर्ष में चयन को लेकर प्रधान पाठक सुशील भतपहरी से चर्चा करने पर बताया की हमारे स्कूल के सभी स्टॉप व बच्चे जुलाई से ही मेहनत करते हैं. वही लक्ष्मी नारायण बारले सर कंपिटेशन एग्जाम के लिए विशेष नोट्स तैयार कर प्रतिभाशाली बच्चों पर काम करते है. साथ ही बच्चों की गतिविधियों को लेकर पालको के साथ मीटिंग कर चर्चा किया जाता है. जिससे पालको और जन प्रतिनिधियों का सहयोग मिलता है।

भास्कर चतर्वेदी का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

अभनपुर। नगर पालिका अभनपुर मे संचालित इग्नाइट स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला ब्लॉक कालोनी अभनपुर से कक्षा पांचवी के छात्र भास्कर चतर्वेदी ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 2025मे सफलता प्राप्त की है इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानपाठक रोहित बांसवार ने बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना देते हुये कहा कि विद्यार्थी की लगन,मेहनत और शिक्षको का समर्पण विद्यालय के लिए गौरव की बात है विद्यार्थी के इस सफलता पर शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष श्रीमति राजश्री गुप्ता,जनप्रतिनिधि एवं पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,एसएससी सदस्य मनोज वर्मा,चूड़ामणी शर्मा,राधेश्याम तारक,सीमा मंडल,शिक्षक श्रीमति सपना श्रीवास सहित समस्त शिक्षको ने भास्कर को बधाई दी है। ज्ञात हो कि भास्कर ने 4 माह पूर्व ही अपने पिता को खो दिया था विषम परिस्थितियो के बाद भी कठिन मेहनत से नवोदय प्रवेश परीक्षा पास किया भास्कर ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता और अपने मार्गदर्शक शिक्षको को दिया है।

मांढर के 5 छात्र-छात्राओं का नवोदय में चयन

सिलयारी। कौशल नवोदय कोचिंग सेंटर मांढर से पांच बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है । लोचन वर्मा, तेजल दीवान, किशु कुमार साहू, माही साहू का चयन क्लास सिक्स में और आराध्या चंद्राकर का क्लास नाइंथ में हुआ है । इससे पहले इस कोचिंग सेंटर के संचालक योगेश कुमार देवांगन(अतुल) के मार्गदर्शन से ग्रामीण आंचल से दर्जनों बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ है । नवोदय विद्यालय में प्रवेश होने पर ग्रामीण ने छात्र छात्राओं का उज्जवल भविष्य की कामना की है।

तन्मय का नवोदय में चयन

धरसींवा। नगर पंचायत कुरा निवासी तन्मय कुमार देवांगन का चयन नवोदय विद्यालय नवमी में हुआ। तन्मय शा. स्वामी आत्मानंद पू.मा. शाला कूरा में कक्षा आठवीं तक अध्ययन किया है। पहली बार इस संस्था एवं नगर पंचायत कूरा से किसी छात्र का चयन हुआ। तन्मय देवांगन श्री अरूण कुमार देवांगन के पुत्र एवं श्री रमेश टेलर्स के नाती हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

माता कर्मा के बताए मार्ग पर चलने से मिलती है सफलता

धरसींवा। विधायक अनुज शर्मा ने ग्राम साकरा में आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम माता कर्मा जयंती में शामिल हो कर प्रदेशवासियों को भक्त माता कर्मा जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने माता कर्मा से समस्त छत्तीसगढ़वासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करते हुए कहा कि भक्त माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति, त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उनका आदर्श आज भी जनमानस को प्रेरणा देता है। बता दे कि माता कर्मा जयंती ग्राम साकरा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. सुबह से ही ग्रामीण साहू समाज द्वारा व्यपाक़ रूप से तैयारी की गई थी जिसमें समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा पुरे ग्राम में गाजे बाजे के बड़े ही उत्साह पूर्वक निकाली गई। इस कार्यक्रम की शुरुआत सभी अथिति यों के द्वारा माँ कर्मा की आरती की गई। इसके बाद स्वागत सत्कार किया गया।

- ग्राम साकरा में आयोजित कर्मा जयंती में विधायक अनुज शर्मा हुए शामिल

इनकी भी रही उपस्थिति

रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोती राम साहू,सरपंच श्री रघुनाथ साहू,पूर्व सरपंच श्री टहल साहू,जनपद पंचायत धरसींवा अध्यक्ष श्रीमति शकुंतला सेन,योगेश साहू,रामकुमार साहू,जनपद सदस्य श्रीमती निशा अंजली सायतोड़े सहित आसपास के ग्राम के सरपंच व बड़ी संख्या में सामाजिक व्यक्ति उपस्तिथ थे।

रेत का अवैध परिवहन, पांच वाहन किया जब्त

तिल्दा नेवरा। तिल्दा खरोरा मुख्य मार्ग पर अनुविभागीय दंडाधिकारी तिल्दा नेवरा, तहसीलदार तिल्दा नेवरा व थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा की संयुक्त टीम के द्वारा निरीक्षण कार्यवाही के दौरान 05 हाईवा वाहन में रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुये पकड़ा गया तथा उक्त वाहन के चालको से वैद्य दस्तावेज की मांग किये जाने पर दस्तावेज प्रस्तुत नही किया गया। उपरोक्त वाहनो को जप्त किया गया एवं माईनिंग विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया है। बता दे कुछ दिनो से क्षेत्र में सड़क दुर्घनाओं में लगातार वृद्धि हुई है तथा सभी सड़क दुर्घटनाओं में भारी वाहन चालक हाईवा, ट्रक, ट्रेलर के चालको के द्वारा तेजगति, लापरवाही एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करना पाया गया है। वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने, गति सीमा का ध्यान रखकर वाहन में आवश्यक रूप से खलासी रखने सख्त हिदायत दिया गया है।

छग मनवा कुर्मी समाज का महाधिवेशन 13 अप्रैल को

तिल्दा नेवरा। 13 व 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन रायपुर राज में आयोजित है। कार्यक्रम इनडोर स्टेडियम में किया जाएगा। शुक्रवार को रायपुर इन्डोर स्टेडियम स्थल निरिक्षण किया गया जिसमें छत्तीसगढ मनवा कूर्मी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप, महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा , कोषा अध्यक्ष जोगेश्वर बघेल , सचिव संतोष आडील, केन्द्रीय महाविघालीण अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह वर्मा , केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, महामंत्री श्रद्धा नायक, केन्द्रीय युवा अध्यक्ष चंन्द्रकान्त वर्मा, केन्द्रीय सलाहकार के पी नायक, रायपुर राज प्रधान जगेश्वर वर्मा, आदि उपस्थित हुए व कार्यक्रम के लिए विस्तृत चर्चा की गई। वहीं सात अप्रैल को रायपुर मे प्रेस वार्ता, केन्द्रीय व राज कार्यकारिणी की बैठक आयोजित किया जाएगा साथ ही समाज को जागृत करने 10 अप्रैल को सभी राज के सहयोग से युवा व महिला बाईक रैली का आयोजन किया जाएगा। महाधिवेशन में समाज द्वारा सामूहिक विवाह भी आयोजित किया जाएगा जिसके विषय में भी चर्चा की गई।

पंचायत की मनाही के बाद शराब दुकान खोलने पर मचा बवाल

आरंग। आसन्न आबकारी सत्र से ग्राम खौली में शराब दूकान खोलने पर आमादा प्रशासन ग्रामीणों व पंचायत की मनाही के बाद अब धमकी-चमकी पर उतर आया है। पंचायत द्वारा प्रस्ताव न देने पर एक अधिकारी द्वारा कथित तौर पर बर्खास्तगी की धमकी की जानकारी मिलते ही ग्राम में बवाल मच गया है। आनन-फानन में गुरुवार की सुबह ग्रामीण सभा की एक बैठक आहूत कर इसकी निंदा करते हुये किसी भी हालत में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया और पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि वे किसी के भी दबाव में न आये और फिर दबाव डालने की स्थिति में इसका उल्लेख करते हुये मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दें। इधर इस घटनाक्रम से बौखलाये ग्रामीणों ने आनन-फानन में एक ज्ञापन तैयार कर व पूर्व में पंचायत द्वारा शराब दूकान खोलने की अनुमति न देने संबंधी आवेदन को इस ज्ञापन के साथ संलग्न कर एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से जिलाधीश को सौंप इसकी प्रति क्षेत्रीय विधायक व सांसद रहे पूर्व राज्यपाल रमेश बैस सहित वर्तमान क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुष्पेन्द्र शर्मा व कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग को सौंपकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी है व अनुचित दबाव व धमकी दे पंचायत प्रस्ताव लेने की कोशिश की निंदा करते हुये बिना विधिवत पंचायत प्रस्ताव के शराब दूकान खोलने पर आंदोलनात्मक रुख अपनाने के प्रति आगाह किया है।

नर्सों ने बीएमओ पर लगाया अभद्रता करने का आरोप, कार्रवाई की मांग

आरंग। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग अस्पताल के स्टॉफ नर्सो ने के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय लक्ष्मी अनंत के ऊपर मानसिक प्रताड़ना एवं दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप पत्र मे बताया है की 8 मार्च महिला दिवस के दिन स्थानीय अस्पताल के सभी स्टॉफ नर्सो को मीटिंग लेने अपने बीएमओ चेम्बर मे बुलाया गया और वहाँ पर तुम लोगो को कोई काम नहीं आता तुम्हारी बहुत शिकायत है। मंदिरहसोद स्वास्थ्य केंद्र जाकर वहां के स्टॉफ से काम सिखो तुम लोग कहाँ-कहाँ से पढ़कर आ गए हो कहते हुए हमारी योग्यता को निचा दिखाते हुए जोर जोर से चिल्लाने लगी और सभी स्टॉफ नर्सो को तुम लोगो की वेतन काट दूंगी, सी.आर. ख़राब कर दूंगी, ट्रांसफर करवा दूंगी करके धमकी दिया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है की जब से डॉ विजय लक्ष्मी अनंत को बीएमओ आरंग का प्रभार मिला है तब से स्टॉफ नर्सो को टारगेट कर लगातार कुछ न कुछ बहाना बनाकर चिल्लाना, धमकाना और बार-बार ट्रांसफर की धमकी दिया जाता है।

अधिकारीगण समस्याओं का फौरन करें निराकरण : पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका अभनपुर की पार्षद श्रीमती दीक्षा राठी ने वार्ड क्रंमाक 14 की प्रमुख समस्यो को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर समस्याओ का तत्काल निराकरण करने कहा गया। अभनुपर नगर के ह्दय स्थल बस स्टैण्ड वार्ड नंबर 14 क्षेत्र मे आता है जिसमे यात्रियो को प्रतिक्षालय,लाइट, महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट, सुलभ शौचालय की सफाई व्यवस्था एवं गंदे पानी की निकासी, चौक मे हाई मास्क लाईट, सुबह और शाम दो बार सफाई व्यवस्था,लाल बहादुर शास्त्री जी के नाम का तिराहा पुनः उन्ही के नाम से चबूतरा निर्माण कर इस चौक को संरक्षित करना, बस स्टैंड में 24 घंटे पेयजल की व्यवस्था, निगरानी कैमरा लगाने,नल कलेक्शन की लीकेज पाईप को सुधार करने,बकाया कर की वसूली,अवैध निर्माण कार्यो पर रोक लगाने,अवैध रूप से लगे होर्डिग को निकालने,मुख्य सडक़ से लगे अवैध निर्माण को हटाने आदि प्रमुख विषयो को लेकर नगर पालिका अधिकारी से पार्षद दिक्षा राठी,पार्षद नीलकमल गिलहरे,योगेश राठी,राजकुमार शर्मा,मयंक गुप्ता,अनुज शर्मा,सुमित तंबोली आदि प्रतिनिधियो ने सीएमओ से चर्चा कर इस सभी समस्याओ का तत्काल कार्यवाही करने की मांग किया गया।

बजट बनाने में लगे 101 अफसर-कर्मियों को एक माह का वेतन बोनस में, सचिव से लेकर चपरासी तक को मिला इनाम

कई महीनों की मशक्कत के बाद तैयार होता है बजट, बोनस देने का नियम नहीं, ये है परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करने वाले अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों को एक माह का वेतन बोनस के रूप में मिलेगा। यह राशि इसी माह 31 मार्च को जारी कर दी जाएगी। खास बात ये है कि इस पूरे काम में वित्त विभाग के सचिव से लेकर अधीनस्थ विभिन्न स्तरों के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत कुल 101 लोगों को यह इनाम मिलेगा। इनमें वित्त विभाग के वाहन चालक से लेकर चपरासी तक शामिल हैं। इस संबंध में वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025-26 बजट कार्य संपादित करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एक माह का अतिरिक्त वेतन परिलब्धि सहित(मूल वेतन एवं शासन द्वारा देय अन्य भत्ते) भुगतान की स्वीकृती प्रदान की जाती है। अतिरिक्त वेतन का भुगतान संबंधित अधिकारी, कर्मचारी का वेतन आहरण जिस कार्यालय से किया जा रहा है वहीं से किया जाएगा।

ये नियम नहीं परंपरा है

बजट बनाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को एक माह का वेतन बोनस के रुप में दिए जाने का क्या कोई नियम है, यह किस हिसाब से दिया जा रहा है? इस सवाल पर वित्त विभाग के एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने हरिभूमि को बताया कि ऐसा कोई नियम नहीं है, लेकिन यह परंपरा बरसों रही है। बजट का काम करने वालों को एक माह का वेतन बोनस के रूप में दिया जाता रहा है।

महीनों की मशक्कत के बाद तैयार होता है बजट

राज्य सरकार का वार्षिक बजट बनाना एक लंबी प्रक्रिया का हिस्सा है। वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण की प्रक्रिया की बात करें तो वित्त विभाग ने इसके लिए पिछले साल अगस्त 2024 से काम शुरू करते हुए बजट बनाने का कार्यक्रम जारी किया था। इसके बाद नया बजट बनाने के लिए 5 सितंबर से काम शुरु किया गया। नवंबर 2024 में विभागाध्यक्ष स्तरीय राजस्व प्राप्तियों पर चर्चा की शुरुआत हुई। इसके बाद दिसंबर में विभागाध्यक्ष स्तरीय बजट चर्चा का दौर चला। इसके बाद दिसंबर में ही सचिव स्तरीय बजट चर्चा की बैठकें हुई। इसके बाद जनवरी 2025 से मंत्री स्तरीय बजट चर्चा प्रारंभ हुई। वित्त मंत्री ने हर विभाग के मंत्री से उनके विभागीय बजट पर विस्तर से चर्चा की और नवीन मद की घोषणाओं को बजट में शामिल करने के लिए विचार विमर्श किया। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में बजट प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह सारी प्रक्रिया होने के बाद वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा के बजट सत्र में सरकार का नया बजट पेश किया।

खबर संक्षेप

कचना तालाब, मोवा व्यावसायिक परिसर का आयुक्त ने किया निरीक्षण

रायपुर। कचना तालाब, मोवा व्यावसायिक परिसर का आयुक्त ने किया निरीक्षण नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने शनिवार को जोन 9 क्षेत्र स्थित कचना तालाब, मोवा व्यावसायिक परिसर और खम्हारडीह आवासीय कालोनी में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर वहां स्वच्छता कायम रखने जोन अधिकारियों को निर्देश दिये। केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुये आयुक्त ने निगम उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, जोन कमिश्नर संतोष पांडे, कार्यपालन अभियंता पद्माकर श्रीवास और स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडू की उपस्थिति में आवासीय कालोनी की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंदगी दिखने पर तत्काल सफाई करायी गयी।

अब निकायों में होंगे 10 लाख तक के ई- टेंडर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में सभी नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों में 10 लाख रुपए एवं उससे अधिक लागत के सभी विकास कार्यों की निविदा (टेंडर) ई टेंडरिंग के माध्यम से होगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने आदेश जारी किया है। इससे पूर्व चार साल से 20 लाख तक के कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग करने का आदेश था। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक राज्य शासन ने इस संबंध में अप्रैल 2021 के आदेश में संशोधन किया है जिसमें कहा गया है कि 10 लाख या उससे अधिक लागत के समस्त विकास कार्यों की समस्त निविदाएं ई-टेंडरिंग के माध्यम से करने की अनुमति प्रदान की जाती है। ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल में आवश्यकतानुसार संशोधन सुधार करते हुए मैन्युअलक पद्धति से आमंत्रित सभी निविदाओं से संबंधित जानकारी तथा निविदा क्रमांक, निविदा का विवरण निविदा की तिथि, न्यूनतम निविदाकार, कार्यादेश की प्रति आदि को ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल में प्रदर्शित किया जाए।

भाजपा बताए सौगात-ए-मोदी क्या तुष्टीकरण नहीं : कांग्रेस

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा बताए क्या मुस्लिमों को सौगाते मोदी के नाम से खजूर, सेवई आदि सामग्री दिया जाना तुष्टीकरण नहीं है। यदि सामाजिक समरता के लिए यही काम कांग्रेस करती है तो भाजपा उसे तुष्टीकरण का नाम देती है। यदि विपक्ष का कोई नेता इफ्तार दावत देता है, तो भाजपाई हाय तौबा मचाते हैं तथा उसे तुष्टीकरण का नाम देते हैं। अंततः भाजपा को सामाजिक सौहार्द्र देर में समझ आया। श्री शुक्ला ने कहा, देश के मुस्लिमों को ईद के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी से खैरात नहीं चाहिए। मुस्लिमों को भाजपा और मोदी कुछ देना ही चाहते है तो उनको देश में समता और बराबरी का दर्जा दे, जो उनका अधिकार है। मुस्लिमों के प्रति भाजपा जो दुर्भावना रखती है उसको दूर करे। मुस्लिम इस देश के नागरिक है। देश का संविधान उनको समता और बराबरी का अधिकार देता है। भाजपा जिसके खिलाफ हमेशा प्रोपोगंडा करती है विषवमन करती है। भाजपा रमजान के पाक महिने और ईद के अवसर पर देश के मुस्लिमों को वास्तव में सौगात देना चाहती है तो अपने अलगाववादी और विद्वेष फैलाने वाले चरित्र का परित्याग करे।

बजट के दौरान पूछा गया- बूढ़ापारा चौपाटी हटेगी या नहीं

विपक्ष ने दिखाए तेवर, मेयर मीनल को घेरा चौपाटी और पेयजल पर दागे थोक में सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा में बजट चर्चा के दौरान विपक्ष के पार्षदों ने पानी और चौपाटी जैसे मुद्दों को लेकर जमकर तेवार दिखाए। उन्होंने महापौर से यह भी पूछा कि बूढ़ापारा चौपाटी का काम एक दिन ही बंद रहा, आखिर चौपाटी हटेगी या नहीं? उन्होंने वार्ड की पेयजल समस्या, अतिक्रमण, लचर सफाई को दुरुस्त करवाने के लिए भी अपनी बात रखी।

नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने महापौर पर तंज कसा कि ट्रिपल इंजन की सरकार है, फिर निगम में पिछले बजट से 400 करोड़ का कम बजट क्यों? उन्हें तो इस बार 1900 करोड़ से ज्यादा के बजट की उम्मीद थी। निगम में फायदे का बजट किसके लिये? बजट में ऐसा क्या है, जिससे आम जनता का फायदा हो। शहर आवारा मवेशियों की समस्या दूर करने बजट में प्रावधान क्यों नहीं है? गौ अभ्यारण्य का क्या हुआ? उन्होंने सुझाव दिया कि शहर के चारों कोनों में फायर स्टेशन खोला जाये। एक फायर स्टेशन से पूरे शहर को कवर नहीं किया जा सकता। कांग्रेस पार्षद आकाश तिवारी ने तंज कसा कि निगम बजट में शहर के 3 स्थानों पर नई पानी टंकी बनाने का प्रावधान है, पर अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में 2 साल पहले बनाई गई पानी टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई। इन टंकियों में कब पानी की व्यवस्था होगी। 15 से 18 वार्डों में जल संकट है क्या प्रभावित वार्डों के लोगों का जलशुल्क माफ होगा? नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू ने सभापति के माध्यम से महापौर से सवाल किया, पूरे शहर में अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम के लिये बजट में प्रावधान क्यों नहीं किया गया? बूढ़ातालाब में दानी स्कूल के किनारे चौपाटी को आपने एक दिन बंद कराया, पर दूसरे दिन से फिर उसका काम चालू है। आखिर बूढ़ातालाब के पाथवे से चौपाटी कब हटेगी?

2025-26 के बजट में चर्चा में भाग लेते हुए डीडी नगर वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी ने बजट को विष्णुदेव सरकार के सुशासन के अनुकूल शहर की जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में आत्मविश्वास से भरपूर बजट बताया। उन्होंने बजट के प्रावधानों में अधोसरंचना विकास में प्रगति, समानता, स्थिरता व सुगमता के लक्ष्य को प्रभावी कदम बताया। तालाब सहित पुराने कुओं के संरक्षण, महादेव घाट के सौंदर्यीकरण, यातायात व्यवस्था के लिए चौराहों के पुनर्विकास, शहर प्रवेश के सात द्वारों में म्यूरल साइनेज के निर्माण योजना की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1258 मकानों को शीघ्र ही आबंटित करने एवम बजट में समाहित चिंगरी नाला की तरह डीडी नगर वार्ड एवम डंगनिया में जलनिकासी की सरोना नाला में भी लाइनिंग वर्क के लिए रखी।

हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड पार्षद शेख मुशीर ने कहा, उनके वार्ड में 2 टंकियों से जल आपूर्ति होती है, पर अंतिम छोर होने की वजह से पानी का प्रेशर नहीं पहुंचता। स्मार्ट सिटी की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना का 70 फीसदी काम पूरा होने के बाद भी वार्ड में पानी का संकट बना हुआ है। यह योजना फ्लाप हो गई है।

तात्यापारा-शारदाचौक सड़क चौड़ीकरण ठंडे बस्ते में

मौलाना अब्दुल रउफ वार्ड पार्षद अर्जुमन ढेबर ने कहा शहर तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण नहीं होने लोग ट्रैफिक जाम से परेशान रहते हैं। निगम बजट में इसका कोई जिक्र ही नहीं है। इसी तरह जनता मूलभूत जरूरत सफाई, पानी की व्यवस्था की जगह व्यावसायिक परिसर निर्माण पर जोर दिया गया है। भाजपा पार्षद पहले निगम बांड का विरोध करते थे, अब वही निगम बांड का प्रस्ताव लेकर आये हैं। 22 हजार मतदाता वाले उनके वार्ड में कितने सफाई कर्मचारी हैं, वार्ड का ठेकेदार कौन है, इसके बारे में उन्हें आज तक नहीं बताया गया। सभापति से उन्होंने आग्रह किया, इस संबंध में संबंधित जोन अधिकारी को निर्देशित किया जाये।

इन्होंने लिया चर्चा में हिस्सा : बजट चर्चा में कांग्रेस के पार्षद आकाश तिवारी, भाजपा पार्षद भोलाराम साहू, गज्जू साहू, दीपक जायसवाल, मनोज वर्मा, अवतार सिंह बागल,बब्बी सोनकर, कृतिका जैन, खेमकुमार सेन, प्रदीप वर्मा, सरिता दुबे, दुर्गा साहू सहित अन्य पार्षदों ने भाग लिया।

रायपुर एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने लोकसभा में बृजमोहन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने और बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों में हवाई सेवाओं के विस्तार को लेकर रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में शून्य काल के दौरान छत्तीसगढ़ में हवाई सेवाओं के विस्तार और रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने की मांग उठाई।

श्री अग्रवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से देश का एक उभरता हुआ राज्य है। यहां बाल्को, जिंदल, भिलाई स्टील प्लांट, हिंडाल्को, एनएमडीसी, एनटीपीसी जैसे कई बड़े उद्योग स्थापित हैं। रायपुर हवाई अड्डे से प्रतिमाह 60 से 70 हजार लोग देश-विदेश की यात्रा करते हैं, साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय निवेशक छत्तीसगढ़ में निवेश के इच्छुक हैं। किन्तु अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की अनुपलब्धता के कारण निवेश की संभावनाओं को पूरी तरह से साकार नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा, यदि रायपुर हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिया जाए और आवश्यक सुविधाएं जैसे इमिग्रेशन ऑफिस, एक्साइज ऑफिस, कार्गो टर्मिनल, बेहतर पार्किंग और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जाए, तो इससे छत्तीसगढ़ की आर्थिक प्रगति को नया आयाम मिलेगा।

किसानों की खाद का मुद्दा भी उठाया

श्री अग्रवाल ने संसद में छत्तीसगढ़ में किसानों को उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर सरकार से प्रश्न किया। उन्होंने केंद्र सरकार से जानना चाहा कि क्या किसानों को सस्ती दरों पर समय पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना लागू की जा रही है, विशेष रूप से दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में। इस पर रसायन और उर्वरक राज्य मंत्रीअनुप्रिया पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक जैसे यूरिया, डाई अमोनियम फास्फेट (डीएपी), म्युरेट ऑफ पोटाश (एमओपी) और नाइट्रोजन फास्फोरस और पोटेशियम (एनपीके) प्रयाप्त मात्रा में उपलब्ध कराए जा रहे हैं और समय पर वितरण सुनिश्चित करने के लिए सरकार हर फसल सीजन में आवश्यक कदम उठा रही है।

अब अफसर कर्मियों की एसीआर और संपत्ति का ब्योरा होगा डिजिटल, हर कर्मी की होगी आईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार की सेवा में काम करने वाले सभी अधिकारियों कर्मचारियों की गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) और उनकी अंचल संपत्ति (आईपीआर) का पूरा ब्योरा अब डिजिटल रूप में रखा जाएगा।

- सरकार ने तैयार किया है नया ऑनलाइन पोर्टल
- मानव संसाधन प्रक्रिया होगी कुशल और पारदर्शी

इस काम के लिए सरकार ने स्मार्ट फरफॉरमेंस एप्रेजल रिपोर्ट रिकार्डिंग ऑनलाईन विंडो (एसपीएआरआरओडुबुल) तैयार किया है। खास बात ये है कि वर्तमान में इस पोर्टल के माध्यम से राज्य प्रशासनिक सेवा, राज्य पुलिस सेवा, राज्य वन सेवा एवं छत्तीसगढ़ सचिवालय सेवा के अधिकारियों कर्मचारियों की ऑनलाइन सीआर और अचल संपत्ति का ब्योरा प्रस्तुत किया जा रहा है। अब सरकार के सभी कर्मी इसमें शामिल किए जाएंगे।

हर कर्मी की होगी आईडी

सरकार ने यह भी तय किया है कि हर शासकीय सेवक को केवल एक बार ही उनके मूल विभाग द्वारा पोर्टल में शासकीय सेवक के नाम पर आधारित शासकीय ईमेल आईडी बनाकर उसे ऑनबोर्डिंग किया जाएगा। इस पोर्टल के क्रियान्वयन के लिए हर विभाग, कार्यालय से वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन और अचल संपत्ति विवरण का संधारण करने वाले स्थापना प्रभारी को ही नोडल अधिकारी बनाया जाएगा। पोर्टल में विभाग और कार्यालय का नाम प्रदर्शित होगा। इस पूरे काम के लिए सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव और उपसचिव को क्रियान्वयन की जिम्मेदारी दी गई है।

दो चरण में होगा ये काम

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में जारी निर्देश में कहा गया है कि शासन ने निर्णय लिया है कि पहले चरण में 2024-25 से राज्य के सभी विभागों के शासकीय सेवकों के सीआर और आईपीआर इस पोर्टल पर लाया जाएगा। दूसरे चरण में एसीआर और आईपीआर प्रस्तुत करने के लिए पोर्टल का क्रियान्वयन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक समूह, गृह विभाग के अंतर्गत उप अधीक्षक से नीचे स्तर के अधिकारी कर्मचारी जैसे पुलिस संवर्ग, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्राध्यापक संवर्ग, महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक संवर्ग अन्य तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अंतर्गत स्टाफ नर्स, ग्रामीण स्वास्थ संयोजक, पर्यवेक्षक संवर्ग में किया जाएगा। यह प्रणाली मानव संसाधन प्रक्रियाओं को अधिक कुशल और पारदर्शी बनाने के लिए की जा रही है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्दीकी ने कहा- भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिशें नाकाम

सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम में 150 मुस्लिम परिवार को बांटी गई सौगात किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा ने केन्द्रीय नेतृत्व के आहवान पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान मुस्लिम परिवार की 150 महिलाओं एवं बच्चों को सौगात किट भेंट की गई। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्दीकी ने कहा, आज मुसलमान जागरूक हो गया है। भाजपा को मुस्लिम विरोधी बताने की साजिशें नाकाम हुई हैं। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी पार्टियों का साथ पहले ही आदिवासी, अनुसूचित जाति, और पिछड़ा वर्ग ने छोड़ा, अब मुस्लिम भी भाजपा के साथ जुड़ गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों की चर्चा करते हुए श्री सिद्दीकी ने कांग्रेस को विकास विरोधी बताया। श्री सिद्दीकी ने कहा, भाजपा पार्टी विथ डिफ्रेंस इसीलिए है क्योंकि यह सेवा ही संगठन के मूलमंत्र पर समाज के हर वर्ग के कल्याण का काम करती है। हम सत्ता नहीं, सेवा के लिए राजनीति करते हैं। इसीलिए तमाम विपक्षी दल आज बेचौन हैं और लगातार अफवाहों व साजिशों के जरिये मुस्लिमों को गुमराह कर रहे हैं लेकिन वे अपनी बदनीयती में कतई कामयाब नहीं होंगे। श्री सिद्दीकी ने कहा है कि मोर्चा के तत्वावधान में आगामी बैशाखी, गुड फ्राईडे, ईस्टर आदि पर्वों पर भी हर घर जाकर उन्हें त्यौहार की बधाई और भेंट देकर मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनकी खुशियों में शरीक होंगे। श्री सिद्दीकी ने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत मां की गोद में जन्म लिया है और इसलिए हम सारे त्यौहार मिल-जुलकर मनाते हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने भी कार्यक्रम में उपस्थित मुस्लिम भाई बहनों को रमजान और ईद की शुभकामनाएं दीं। मोर्चा की राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नजमा अजीम ने सौगात-ए-मोदी कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महामंत्री मखमूर खान, मिर्जा एजाज बेग, तौकीर रजा, असगर अली, रजिया खान, रेशमा खान, रफी खान, याकुब गनी, नासिर खान, इस्माईल खान, रेहाना खान, सलमान अशरफी, सौरभ सिंह, मैरी फर्नांडीस, गगनदीप सिंह सहित अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

रायपुर निगम को सात हजार, बिरगांव को दो हजार, माना नगर पंचायत को एक हजार का लक्ष्य

मोदी की सभा में रायपुर से 200 से ज्यादा वाहनों में दस हजार भाजपा नेता, कार्यकर्ता और समर्थक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिल्हा विधानसभा के मोहभट्ठा में होने वाली सभा में भाजपा ने प्रदेशभर से दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सभी को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है।

रायपुर से दो सौ से ज्यादा वाहनों में दस हजार लोगों को ले जाने की तैयारी है। रायपुर से लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, चारों विधानसभा के विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोती लाल साहू, महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम के सभी पार्षद, भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर अपने समर्थकों के साथ जाएंगे। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आना हो रहा है। ऐसे में प्रदेश भाजपा संगठन ने उनकी सभा में बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने का फैसला किया है। इसके लिए प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन यहां पर बैठक भी ले चुके हैं। बैठक में दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया गया।

यह भी तय किया गया है कि प्रदेश भर से पंच, सरपंच से लेकर विधायक, सांसद, प्रदेश के मंत्री और मुख्यमंत्री भी सभा में रहेंगे। हर संभाग और जिलों को लक्ष्य भी दिया गया है। सबसे बड़ा फोकस रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के जिलों पर है। इसी के साथ बस्तर और सरगुजा के जिलों पर ज्यादा भार नहीं डाला गया है।

70 बसों और निजी वाहनों से जाएंगे

रायपुर को दस हजार का लक्ष्य दिया गया है। ऐसे में रायपुर शहर जिला की बैठक करके नगर निगम के हर वार्ड से सौ-सौ की कार्यकर्ता, समर्थकों को ले जाने लक्ष्य तय किया गया है। इसी के साथ यह भी तय किया गया है कि भाजपा नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने निजी वाहनों में भी अपने समर्थकों के साथ जाएंगे। सभा स्थल तक जाने के लिए 70 बसों की भी व्यवस्था की गई है। रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, रायपुर नगर निगम क्षेत्र से सात हजार, बिरगांव नगर निगम से दो हजार और माना नगर पंचायत के एक हजार भाजपा के कार्यकर्ता और समर्थक सभा के लिए रायपुर से जाएंगे।

बिरगांव मंडल अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को बांटी जिम्मेदारी

पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर तैयारियों के लिए मंथन तेज होने लगा है। बिरगांव भाजपा मंडल ने उनकी सभा को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की। बिलासपुर के मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री मोदी प्रदेश की जनता को संबोधित करेंगे एवं कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाएंगे। बिरगांव निगम क्षेत्र के मंडलों की दौरे के मद्देनजर एक बैठक की गई। इसके बारे में बिरगांव मंडल के अध्यक्ष भागीरथी यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के मोंहभट्ठा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होना तय है। इसके पूर्व तैयारी को लेकर निगम क्षेत्र के मां बंजारी मंडल के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी बांटने के लिए उरकुरा में एक बैठक की गई। प्रभारी सच्चिदानंद उपासने इसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तय की। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा में निगम के नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद होरी लाल देवांगन, बेदराम साहू, शरद साहू एवं मां बंजारी माता मंडल के भाजपा कार्यकर्ता प्रमुख रूप से शामिल हुए।

खबर संक्षेप

अजय सिंह बने भोजपुरी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष

रायपुर। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के सम्मान समारोह में अजय सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। समारोह में पंकज शर्मा द्वारा सम्मानपत्र दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष मुक्तिनाथ पाण्डेय ने कहा कि अजय सिंह ने समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भोजपुरिया समाज द्वारा उनकी इस उपलब्धि को सराहा गया और तालियों से स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में सैकड़ों भोजपुरी समाजजन एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

शनि मंदिर में ज्योति कलश स्थापना कल

रायपुर। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर चूड़ी लाइन सदर बाजार और एसएमसी हॉस्पिटल के सामने शंकर नगर रायपुर स्थित प्राचीन शनि मंदिरों में भक्तों के कष्ट एवं बाधा निवारण के लिए मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना 30 मार्च को की जाएगी। 29 मार्च शनिवार के दिन अमावस्या तिथि का होना एक अद्भुत योग बन रहा है।

त्रिलोकचंद को पीएचडी

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय ने त्रिलोकचंद बाघ को वाणिज्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनके शोध का विषय छत्तीसगढ़ राज्य के विकास में खनिज रॉयल्टी का प्रभाव (रायपुर जिले के विशेष संदर्भ में) था। उन्होंने कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अमित शर्मा के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूरा किया।

रविवि ने वापस नहीं लिया प्रवेश परीक्षा शुल्क, लेकिन अब 700 की जगह देने होंगे 500 रुपए

बीते सत्र तक निशुल्क होती थी प्रवेश परीक्षा, 25 मार्च से प्रारंभ हुए हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने प्रवेश परीक्षा के लिए लगाए गए शुल्क को वापस लेने से इनकार कर दिया है, हालांकि इसमें कटौती की गई है। प्रवेश परीक्षा संबंधित अधिसूचना जारी करते हुए रविवि ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रवेश परीक्षा शुल्क के रूप में 700 रुपए लेने की बात कही थी। इसके पूर्व तक ऑनलाइन प्रवेश परीक्षाएं होने के कारण रविवि किसी तरह का शुल्क नहीं लेता था। शून्य से 700 रुपए पर परीक्षा शुल्क पहुंचने का मुद्दा हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ उठाया था। इसके बाद छात्रसंगठनों ने भी विरोध-प्रदर्शन करते हुए परीक्षा शुल्क कम करने की मांग की थी।

रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, प्रवेश परीक्षा के लिए अब सामान्य वर्ग के छात्रों को 500 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को 400 रुपए तथा अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थी 300 रुपए का भुगतान करेंगे। रविवि प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन मई में करेगा। इसके लिए आवेदन 25 मार्च से प्रारंभ हो चुके हैं। 25 अप्रैल तक का समय विद्यार्थियों को दिया गया है।

खबर का असर

लौटाई जाएगी अंतर की राशि

रविवि ने आवेदन प्रारंभ होने के तीन दिन पश्चात फीस में कटौती की है। इन तीन दिनों के दौरान जिन छात्रों ने आवेदन करते हुए 700 रुपए का भुगतान किया है, उन्हें फीस के अंतर की राशि लौटाई जाएगी। इसके लिए रविवि प्रबंधन से छात्रों को संपर्क करना होगा। छात्रों को आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में ही करनी होगी। प्रोस्पेक्टस सह फॉर्म की व्यवस्था विवि द्वारा पूर्व में ही समाप्त की जा चुकी है। परीक्षा शुल्क लिए जाने के बाद भी इस व्यवस्था को दोबारा लागू नहीं किया जाएगा।

छात्र स्वयं लाएंगे डिवाइस

रविवि मई माह में ऑनलाइन मोड में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करेगा। छात्रों को स्वयं का डिवाइस अर्थात लैपटॉप अथवा मोबाइल फोन लेकर आना होगा। छात्रों को रविवि द्वारा लिंक प्रदान किया जाएगा, जिसमें क्लिक करने के बाद छात्रों को प्रश्नपत्र मुहैया होगा। छात्रों को मल्टीपल च्वॉइस बेस्ड सवाल दिए जाएंगे, जिसके जवाब ऑनलाइन ही देने होंगे। इस दौरान परीक्षा केंद्र में जैमर लगा होगा, ताकि छात्र गूगल अथवा दूसरे वेबसाइट ना खोल सकें।

सर्वर समस्या, दस्तावेजों की कमी सहित अन्य कारण से नहीं हो पा रहीं रजिस्ट्रियां

टारगेट पूरा करने अपॉइंटमेंट डबल दिए जा रहे, रजिस्ट्रियां फिर भी 65 प्रतिशत से कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पंजीयन कार्यालय में इन दिनों रजिस्ट्री कराने वालों का मेला लगा हुआ है। इसके कारण सुबह से देर रात तक रजिस्ट्री कार्यालय में लोगों की भीड़ भी देखी जा रही है। विभाग अपने वार्षिक टारगेट से अभी भी लगभग 50 से 60 करोड़ रुपए पीछे है। इस टारगेट को पूरा करने के लिए अपॉइंटमेंट देने का स्लाट भी डबल कर दिया गया है, जिसके कारण पिछले तीन दिन से प्रत्येक एसआर कोर्ट में 65 की जगह 127 अपॉइंटमेंट दिए जा रहे हैं। इस तरह रायपुर दफ्तर में पिछले तीन दिनों से लगातार पांचों एसआर कोर्ट बढ़े स्लाट के साथ हाउसफुल चल रहे हैं। विभाग ने टारगेट पूरा करने के लिए स्लाट तो बढ़ा दिया है, लेकिन अपॉइंटमेंट की तुलना में रजिस्ट्रियां अभी भी 65 प्रतिशत से कम हो रही हैं, जिससे विभाग को अब टारगेट पूरा नहीं होने की चिंता सताने लगी है।

सर्वर के कारण दिनभर हुए लोग परेशान

सर्वर में आई खराबी के कारण एक रजिस्ट्री के पीछे 20 से 25 मिनट लग रहे हैं, जिसके कारण अपॉइंटमेंट के अनुसार लोगों को कई घंटे इंतजार करना पड़ रहा हैं। इस कारण से बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्रियां कैंसल करा वापस लौट रहे हैं। विभागीय अधिकारी के अनुसार रजिस्ट्री कम होने का कारण सिर्फ सर्वर समस्या नहीं है, बल्कि अन्य दूसरे कारण भी हैं। इनमें कई लोगों के दस्तावेजों में कमी के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाई तो कई पैसों का इंतजाम नहीं होने सहित अन्य कारण रजिस्ट्री नहीं करा वापस लौट रहे हैं।

बहुतों को दोबारा लेना पड़ रहा अपॉइंटमेंट

790 करोड़ टारगेट में बाधा बना सर्वर

पंजीयन मुख्यालय की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला रायपुर को 11 सौ करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया था। इसमें सिर्फ रायपुर पंजीयन कार्यालय को 790 करोड़ रुपए का टारगेट दिया गया है। इस टारगेट की तुलना में विभाग ने मार्च के प्रथम पखवाड़े तक लगभग 704 करोड़ रुपए तक पहुंच गया था। इस तरह बचे 96 करोड़ रुपए को शेष 16 दिनों में पूरा करना है। विभाग को विश्वास है कि यह टारगेट भी पूरा हो जाएगा, लेकिन सर्वर की समस्या टारगेट में बाधा बन रहा है।

रजिस्ट्री की प्रक्रिया शुरू होने से पहले लौटने वालों को दोबारा लेना होगा अपॉइंटमेंट

कैंसिल हुई रजिस्ट्रियों के लोगों को अब दोबारा अपॉइंटमेंट लेना होगा। विभागीय अधिकारी के अनुसार नियम के अनुसार अपॉइंटमेंट के बाद रजिस्ट्री की प्रथम प्रक्रिया शुरू होने के बाद अगर सर्वर समस्या के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाती है, तो उसे दोबारा अपॉइंटमेंट लेना नहीं पड़ेगा, लेकिन अगर रजिस्ट्री की प्रथम प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही कोई वापस लौट जाता है, तो उसे रजिस्ट्री कराने के लिए दोबारा अपॉइंटमेंट लेना होगा।

जिले में एक दिन में 590 रजिस्ट्री 11 करोड़ से अधिक की आय

जिले में 27 मार्च को एक दिन में 590 रजिस्ट्रियां हुई है, जिससे कुल 11 करोड़ 13 लाख 34 हजार 790 रुपए की आय हुई है। इसमें पंजीयन फीस से 3 करोड़ 64 लाख 7 हजार 922 रुपए एवं स्टाम्प ड्यूटी से 6 करोड़ 56 लाख 31 हजार 2 रुपए है। इस तरह रायपुर कार्यालय में 385 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 9 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। एक दिन पूर्व रायपुर कार्यालय में 250 रजिस्ट्री हुई है, जिससे 5 करोड़ 72 लाख से ज्यादा की आय हुई है। इस तरह दो दिन में रायपुर कार्यालय में रजिस्ट्री से लगभग 15 करोड़ रुपए की आय हुई है।

विश्व शांति महायज्ञ से प्रदेश हुआ धन्य : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलेख महिमा धर्म विकास समिति के संस्थापक परमपूज्य संत श्रीमत बाबा उदयनाथ की अगवाई में गॉस मेमोरियल स्कूल मैदान में विश्व शांति अखंड महायज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में पहुंचे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए विश्वशांति अखंड महायज्ञ के मीडिया प्रभारी अधिवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि इस अवसर पर संत उदयनाथ बाबा ने मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत करते हुए महान संत-कवि भीमाभोई का चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने साधु-संतों के चरणों को नमन करते हुए कहा, विश्वशांति महायज्ञ से छत्तीसगढ़ धन्य हुआ है, साधु-संत के चरण-रज छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती में पड़े, यह छत्तीसगढ़वासियों का परम सौभाग्य है, जहां राजधानी में यह आयोजन हुआ। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायके है, भगवान राम का ननिहाल है, विश्व शांति यज्ञ की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, यह सनातन धर्म में ही संभव है।

ई-वे बिल में अब एक लाख तक छूट, कैट ने जताया आभार

रायपुर। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चेयरमैन मगेलाल मालू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव, परमानंद जैन, वासु माखीजा, महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री एवं आयुक्त राज्य जीएसटी को ई-वे बिल छूट को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपए तक किए जाने पर आभार व्यक्त किया है।

अप्रैल और मई में 13 दिन रद्द रहेगी रायपुर विशाखापट्टनम पैसेंजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सम्बलपुर रेल मण्डल के टिटलागढ़-लखोली व टिटलागढ़-सम्बलपुर सेक्शन में पुल पुनर्निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। इसमें 01, 04, 08, 11 एवं 15 अप्रैल, 2025 को टिटलागढ़ से चलने वाली 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेजर नहीं चलेगी। इसके अलावा 01, 04, 08, 11 एवं 15 अप्रैल, 2025 को बिलासपुर से चलने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेजर नहीं चलेगी। 02, 06, 10, 13, 19, 23 एवं 27 अप्रैल को, 03, 06, 11, 18, 20 एवं 25 मई, 2025 को विशाखापटनम से चलने वाली 58528 विशाखापटनम-रायपुर पैसेजर नहीं चलेगी। इसके अलावा 03, 07, 11, 14, 20, 24 एवं 28 अप्रैल को, 04, 07, 12, 19, 21 एवं 26 मई, 2025 को रायपुर से चलने वाली 58527 रायपुर-विशाखापटनम पैसेजर नहीं चलेगी। दिनांक 02, 06, 10, 13, 19, 23 एवं 27 अप्रैल को, 03, 06, 11, 18, 20 एवं 25 मई, 2025 को रायपुर से चलने वाली 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेजर नहीं चलेगी। दिनांक 03, 07, 11, 14, 20, 24 एवं 28 अप्रैल को, 04, 07, 12, 19, 21 एवं 26 मई 2025 को जूनागढ़ रोड से चलने वाली 58208 जूनागढ़ रोड-रायपुर पैसेजर नहीं चलेगी।

पेज 11 के शेष

9 बरस बाद अभनपुर...

की सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव मिलेगा और वे आराम से अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, नई लोकल ट्रेन 8 कोच वाली होगी, जिसमें एक कोच में 72 से अधिक यात्री सफर कर सकेंगे। पुराने पीले रंग की लोकल ट्रेन की तुलना में इसकी सीटें अधिक आरामदायक होंगी और सफर के दौरान कोच भी हिलेंगे नहीं। दिव्यांग और महिलाओं के लिए अलग से कोच की सुविधा रहेगी।

कलेक्टर-एसएसपी, डीआरएम...

अन्य सुविधाओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ कुमार विश्वरंजन, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

रायपुर निगम के बजट में...

पुरंदर मिश्रा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, लोकेश कावड़िया, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, प्रफुल्ल विश्वकर्मा बतौर आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। नगर निगम की दूसरी महिला महापौर के रूप में मीनल चौबे ने महिला सुरक्षा को फोकस करते हुये सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए 20 लाख रुपये खर्च कर सर्विलांस कैमरे लगाने का ऐलान किया है। शहर में फुटकर व्यवसाय करने वालों की सुविधा के लिए उन्हें डिजिटल लेनदेन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। बजट में दिव्यांगों के लिए 10 करोड़ की लागत से दिव्यांग पार्क बनाये जाने की घोषणा की गई है। डूमतराई में इलेक्ट्रानिक मार्केट और शंकर नगर क्षेत्र में क्रिस्टल आर्किड के पास कमर्शियल हब और ट्रेड टावर बनाया जायेगा।

बजट, म्यूनिसिपल बांड, जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव बहुमत से पारित: नगर निगम के सामान्य सम्मिलन बैठक में शनिवार को निगम बजट, म्यूनिसिपल बांड और जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव सदन में चर्चा के बाद बहुमत के साथ पारित किया गया। सभापति सूर्यकांत राठौर के सभापतित्व में हुई बैठक में नगर निगम रायपुर के बजट वित्त वर्ष 2025-26 के प्रस्ताव, म्यूनिसिपल बांड और नगर निगम के जोन पुनर्गठन का प्रस्ताव चर्चा के बाद बहुमत के आधार पारित किया गया। महापौर मीनल चौबे और वित्त विभाग के भारसाधक सदस्य महेंद्र खोडियार ने बजट की प्रथम प्रति सभापति सूर्यकांत राठौर को दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू और निगम आयुक्त विश्वदीप को बजट की प्रति दी। सदन में निगम बांड के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने आधे घंटे तक सत्ता पक्ष पर सवालों की झड़ी लगाकर घेरे रखा। महापौर मीनल चौबे ने निगम बांड को निगम की अतिरिक्त आय का स्त्रोत बताते हुये इसके पक्ष में तर्क दिये।

रीएजेंट घोटाले में अभी...

के एमडी को गिरफ्तार किया था, इसके बाद बड़े घोटाले में प्रमुख भूमिका निभाने वाले सीजीएमएससी से जुड़े बसंत कुमार कौशिक, कमलकांत पाटनवार, क्षिरौद्र रौतिया, दीपक कुमार बंधे तथा स्वास्थ्य संचालनालय के डिप्टी डायरेक्टर डा. अनिल परसाई को गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को रिमांड के अंतिम दिन उन्हें ईओडब्लू की टीम ने अपने विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया।

बड़े अफसरों पर कार्रवाई...

जिम्मेदारी दो आईएएस अफसरों के पास थी। ईओडब्लू उनसे पूछताछ कर चुकी है और उनके खिलाफ अगली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

रविवि के तीन विभागों...

दिया गया है। डॉ.रीता रविवि यूटीडी में शारीरिक शिक्षा विभाग में ही प्राध्यापक हैं। इसके अलावा महाविद्यालयीन प्राध्यापक को भी डीन के रूप में नियुक्त किया गया है। महंत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक डॉ.शांतनु पॉल को वाणिज्य संकाय का डीन नियुक्त किया गया है। रविवि के अलावा प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों में भी डीन के पद रिक्त हैं। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, डीन के रिक्त पदों पर भी शीघ्र ही नियुक्ति आदेश जारी किया जाएगा।

कोल घोटाला : आईएएस मौर्य...

पेश किए गए चालान में उल्लेख किया गया है कि हेमंत और वीरेंद्र अवैध कोल लेवी वसूली में सक्रिय रहे हैं। इसके अलावा पारिख और राहुल पर आरोप है कि दोनों कोल घोटाले मामले के किंगपिन सूर्यकांत तिवारी के साथ मिलकर काम करते थे। इन सभी पर आरोप है कि कोयला लेवी के पैसों का कलेक्शन करते थे और उसे सिंडिकेट से जुड़े लोगों तथा अधिकारियों तक पहुंचाने का काम करते थे। साथ ही जोगिंदर सिंह, रामगोपाल व पीयूष भाटिया की भी घोटाले में विशेष भूमिका बताई गई है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

आम सूचना

जारी दिनांक- 21.03.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.न. 82 रा.नि.म.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक राजेन्द्र कुमार पिता/पति श्री केजऊ राम साहू निवासी टिकरापारा रायपुर खसरा नंबर 446/55, 447/62 रकबा 0.0060 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 24.02.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 02.04.2025 को 1:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है। कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक-18, रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.मा.क्र./ /अ-21/2024-25 रायपुर, दिनांक 24/03/2025, ग्राम- तेलीबांधा, प.ह.नं. 64 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती आदर्श स्तुति नादर पति श्री रिचमंद चार्ल्स नादर निवासी फ्लैट नं. ए-1 सिल्वर एज अपार्टमेंट बी-58, छन्नी लाल चौराहा के पास सेक्टर ए महानगर लखनऊ (उ.प्र.) द्वारा आवेदिका अपने हक आधिपत्य एवं स्वामित्व की ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, रा.नि.मं. रायपुर -09 स्थित भूमि / मकान खसरा नंबर 15010/4 रकबा 0.146हे. अर्थात 1567.50 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा आवेदित भूमि को बिक्री हेतु अनुमति बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत की है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रायपुर के माध्यम से जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतः आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 09/04/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.

आम सूचना

जारी दिनांक- 21.03.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.न. 82 रा.नि.म.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक नरेन्द्र कुमार साहू पिता/पति श्री डेरहा राम साहू निवासी सेजबहार खसरा नंबर 505/3 रकबा 0.5130 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन/ बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 21.03.2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/ बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 02.04.2025 को 2:30 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है। कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/ बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/ बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक-18, रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 21/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. 18, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक तरूण कुमार साहू पिता श्री डेरहा राम साहू निवासी सेजबहार खसरा नंबर 505/6 रकबा 0.5060 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन /बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन /बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक **02/04/2025** को समय **2.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन /बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन /बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। **सो सूचना जाने।** राजस्व निरीक्षक -18 रायपुर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला रायपुर छत्तीसगढ़

:: आम सूचना ::

जारी दिनांक 21/03/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82, रा.नि.मं. 18, तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक भोजराज साहू पिता श्री डेरहा राम साहू निवासी सेजबहार खसरा नंबर 505/2 रकबा 1.0890 हे. के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन /बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 20/03/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन /बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक **02/04/2025** को समय **1.30** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा /आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन /बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन /बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। **सो सूचना जाने।** राजस्व निरीक्षक -18 रायपुर

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.-42/09 द्वितीय तल, को श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद मे पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 13.08.2012 को लीज डीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्रीमति छिप्रा बिसेन पति श्री मनोज बिसेन, निवासीः- जबलपुर रोड, शिव मंदिर के पास, ईश्वर नगर, अकबर वार्ड, सिवनी म.प्र. के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री पूर्णानंद चुरेन्द्र पिता स्व.श्री चिंताराम चुरेन्द्र, निवासीः- जुनियर एमआईजी-246, विजेता कॉम्पलेक्स, नया राजेन्द्र नगर, वार्ड नं.-46, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

धरमपुरा रायपुर में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक ब्लॉक नं.-42/09 द्वितीय तल, के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर - 08 शंकरनगर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

जारी दिनांक 26.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवनीत कौर पिता प्रीतम सिंह गांधी निवासी गोविंद नगर पंडरी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम कचना प.ह.नं. 43 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1124/7 (1125/7) रकबा क्रमशः 0.2390 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04.03.2025 के परिपालन में दिनांक 07.04.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 43 के कचना स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.- रायपुर - 08 शंकरनगर

कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर - 08 शंकरनगर, तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

जारी दिनांक 26.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरदीप कौर पिता इंदर सिंह टूटेजा निवासी ए 6 द्वितीय तल आर.एस. पार्क बैरन बाजार रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम कचना प.ह.नं. 43 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 1124/6 (1125/6) रकबा क्रमशः 0.1660 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 04.03.2025 के परिपालन में दिनांक 07.04.2025 को समय अपरान्ह 12:00 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 43 के कचना स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.- रायपुर - 08 शंकरनगर

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता घोषणा करता हूं कि मेरा नाम अंकुर श्रीवास्तव पिता विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पता-एस-6/12 साधना भवन के पास सेक्टर-2 प्रोफेसर कालोनी रायपुर तह.व जिला रायपुर छ.ग. 492001 शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि-

1. मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरा छोटा भाई अनुज श्रीवास्तव पिता विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव पता- 111-डबल स्टोरी बर्रा-02 कानपुर पो.-बर्रा कानपुर नगर छव्वन पेटीज बर्रा जिला कानपुर नगर उ.प्र. 208 027 है। जो कि कानपुर उ.प्र. में रहता है।
3. यह कि मैं अपने छोटे भाई अनुज श्रीवास्तव से आज दिनांक से सभी प्रकार के रिश्ते, लेन-देन यदि किसी भी व्यक्ति संस्था से करता है तो हमारा कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगा। उसके लिए अनुज श्रीवास्तव ही जिम्मेदार होगा।

अतः भविष्य में किसी भी प्रकार के लेन-देन में केवल अनुज श्रीवास्तव ही जिम्मेदार होगा। मेरे छोटे भाई से हमेशा के लिए रिश्ता-नाता अब समाप्त माना जावे।

सत्यापकर्ता

मै शपथकता अंकुर श्रीवास्तव पिता श्री विरेन्द्र श्रीवास्तव सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा लिखे गये सभी कथन सत्य एवं सही है।

शपथकर्ता
अंकुर श्रीवास्तव

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर- 05 (भनपुरी) तहसील व जिला रायपुर

सीमांकन के संबंध में आम सूचना

दिनांक 27.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एजाज हुसैन पिता सैय्यद अख्तर हुसैन निवासी मोवा रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम उरकुरा प.ह.नं. 40 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर- 05 (भनपुरी) स्थित भूमि खसरा नंबर 393/30, 393/33, 393/34 रकबा क्रमशः 0.0090, 0.0090, 0.0090 हेक्टेयर सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. क/ वाचक/ अति.तह./ वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 24.03.2025 के परिपालन में दिनांक 10.04.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात् किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 40 के उरकुरा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 05 (भनपुरी)

HEALTH TOWN

वेरिकोस वेंस & वैस्कुलर क्लिनिक

वेरिकोज वेन्स बन सकती है गंभीर समस्या, न करें नजर अंदाज

ओपन सर्जरी के बिना इलाज

VASCULAR

Dr. Prashant Pote
Vascular & Interventional Radiologist
MD DNB Radiology (Mumbai)
FVIR (TIFAC CORE)

309, तिसरी मंजील, लालगंगा बिजनेस पार्क, पचपेड़ी नाका, रायपुर, मो.: 7400628099

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

धनगर समाज ने किया मातृशक्ति को सम्मानित

रायपुर। छग झाड़े धनगर समाज के तत्वावधान में मातृशक्ति सम्मान व समाज के वार्षिक अधिवेशन रायपुर के महापौर मीनल चौबे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में धनगर समाज की जागरूक व प्रतिभावान 45 मातृशक्तियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सुषमा साहू पार्षद, उमा निर्मलकर पूर्व पार्षद उपस्थित रहीं। सर्व गड़रिया समाज के संरक्षक जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण महतो, अजय हंसा, समाज के अध्यक्ष गोविंद धनगर, यशवंत पाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

कोटा में बिना अनुमति निर्माण को तोड़ा

रायपुर। नगर निगम जोन 8 के नगर निवेश विभाग की टीम ने रामकृष्ण परमहंस वार्ड के तहत परमानंद नगर कोटा में सरिता शर्मा द्वारा करीबन 5000 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में बिना अनुमति किये गए निर्माण को तोड़ने और शटर को हटाने की कार्यवाही की। भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया गया है। वहीं जोन 8 के तहत मोहबाबाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में करीब 15 ठेला गुमटी हटाने की कार्यवाही की गई है।

चेट्रीचंड्र पर्व पर मांस मटन विक्रय प्रतिबंधित

रायपुर। नगर निगम क्षेत्र में रविवार को चेट्रीचंड्र पर्व के मौके पर मांस-मटन विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश परिपालन में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने 30 मार्च को रायपुर नगर निगम क्षेत्र स्थित सभी पशुवध गृह और सभी मांस-मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया हे। इस दिन नियम की अनदेखी किये जाने पर मांस-मटन जब्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

चौपाटी हटाने 31 मार्च को धरना-प्रदर्शन

रायपुर। राजधानी के बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ के पास दानी स्कूल और डिग्री गर्ल्स कालेज मार्ग पर निर्माणाधीन चौपाटी हटाने की मांग को लेकर सत्यमेव जयते फाउंडेशन के पदाधिकारी नागरिकों के साथ 31 मार्च को धरना देंगे। निर्माण स्थल पर धरना जनप्रतिनिधियों और शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने दिया जायेगा। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि चौपाटी निर्माण के विरोध में पहले भी आंदोलन हुये हैं। 2018 में इस चौपाटी का निर्माण विरोध के बाद रोका गया। 2020 में नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को ही रद्द कर दिया था। नई सरकार बनते ही कोर्ट के आदेश का हवाला देकर अनुबंधित एजेंसी ने चौपाटी निमार्ण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। श्री अग्रवाल ने बताया, चौपाटी निर्माण रोकने महापौर मीनल चौबे से भी मुलाकात की थी, उसके बाद महापौर ने स्थल निरीक्षण कर इस पर नाराजगी जताई । उन्होंने काम बंद करने के लिए कहा था पर चौपाटी का काम नहीं रोका गया है।

मरीजों के परिजनों को जिला अस्पताल में मिलेगा अस्थायी ठिकाना, बनेगा नया भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इलाज के लिए दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीज और उनके परिजनों को अब भटकने की आवश्यकता नहीं होगी। जिला अस्पताल पंडरी में उनके लिए नया भवन बनाया जाएगा। अस्पताल परिसर स्थित मरचुरी के समीप की रिक्त भूमि का चयन इसके लिए किया गया है। सभी अस्पतालों में मरीजों और अटेंडरों के ठहरने के लिए अस्थायी ठिकाना नहीं है।

- जिला अस्पताल के मरचुरी के समीप की जमीन का चयन

राजधानी में चार बड़े अस्पताल मौजूद हैं, जहां प्रदेश के साथ दूसरे राज्यों से भी इलाज के लिए मरीज आते हैं। इनमें से 90 फीसदी मरीज मध्य और निम्न वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। कई बीमारियों के इलाज के लिए मरीजों को काफी दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ता है। इस बीच उनके साथ आने वाले अटेंडरों को या तो अस्पताल के गलियारों में रात बितानी पड़ती है अथवा किसी होटल या लॉज में जाकर पैसे खर्च करने पड़ते हैं। जिला अस्पताल पंडरी में इस योजना पर अमल करना शुरू कर दिया गया है।

गुरुवार को कलेक्टर गौरव सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वरंजन और सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी सहित अन्य लोगों ने अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। विभिन्न स्थानों को देखने के बाद परिजन आवास के लिए मरचुरी के समीप रिक्त पड़ी भूमि का चयन किया गया है। संबंधित जमीन की नापजोख कर निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश पीडब्लूडी के अधिकारियों को दिए गए हैं। जिला अस्पताल पंडरी की क्षमता 200 बेड की है जिमसें 50 फीसदी बेड में मरीज इलाज के लिए भर्ती रहते हैं। दावा किया जा रहा है कि भवन निर्माण पूरा होने के बाद यहां भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीज के परिजनों को इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होगी।

आंबेडकर अस्पताल में भी योजना

स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कुछ समय पहले आंबेडकर अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेने के साथ ही उनके द्वारा कालेज परिसर में परिजनों के आवास के लिए भवन बनाने की योजना का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए थे। अस्पताल प्रबंधन इस पर काम कर रहा है, क्योंकि आंबेडकर अस्पताल में हमेशा करीब एक हजार मरीज भर्ती होकर अपना इलाज कराते हैं और उनके दो से तीन हजार अटेंडरों का दबाव अस्पताल परिसर पर रहता है। नया भवन बनने के बाद परिजन आवास की आवश्यकता और बढ़ जाएगी।

एम्स में भी यही समस्या : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भी आने वाले मरीजों के परिजनों के सामने भी ठिकाने की समस्या रहती है। उनके पास विकल्प के रूप में अस्पताल भवन में रहने अथवा सामने के गुरुद्वारा में दिन गुजारने का होता है। एम्स में परिजन आवास की जरूरत काफी समय से है और इसके लिए भी योजना बनाने की तैयारी की जा रही है। डीके अस्पताल भवन के ऊपर परिजन आवास की सीमित सुविधा है और परिसर में ऐसे लोगों का स्थायी डेरा है। वहां भी परिजन भवन बनाने की योजना बनाई गई थी, मगर उस पर अब तक उसे कार्य रूप में नहीं लाया जा सका है।

कलेक्टर ने अमृत सरोवर-मनरेगा कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर गौरव सिंह ने शुक्रवार को अभनपुर ब्लॉक के ग्राम केंद्री में अमृत सरोवर के तहत बनाए जा रहे तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तालाब के गहरीकरण की साइज का भी माप कराया। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत गहरीकरण का काम कर रहे मजदूरों से भी बातचीत की और उनसे मजदूरी समय पर मिल रही है या नहीं, इसकी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रमिकों को समय पर मजदूरी का भुगतान करें।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभान्वित चंदर जेठाराम यादव के निर्माणाधीन आवास का भी जायजा किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति देखी और परिवार से बातचीत कर योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर आवास योजना का लाभ मिले और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इस अवसर पर एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

4 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय आंदोलन

मनरेगा कर्मचारियों ने धरनास्थल से निकाली रैली, पुलिस ने रास्ते में रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर 4 सूत्रीय मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल से रैली निकाली। पुलिस ने इन्हें रास्ते में रोक लिया। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों ने अनुविभागीय अधिकारी को अपनी मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

प्रदेशभर के 12 हजार मनरेगा कर्मचारियों को 5 माह का मेहनताना अब तक नहीं मिला है। ऐसी दशा में उनके परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ खड़ी हुई है। 19 साल से सेवा दे रहे इन कर्मचारियों के लिए अब तक मानव संसाधन नीति नहीं बनी है, जबकि छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में मनरेगा कर्मचारियों को कई तरह की सुविधायें दी जा रही हैं। ऐसे में नियमितीकरण सहित 4 सूत्रीय मांग को लेकर मनरेगा कर्मचारियों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर बड़ी संख्या में प्रदेशभर के मनरेगा कर्मचारी इकट्टा हुये। दोपहर 3 बजे उन्होंने रैली निकाली। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इससे कर्मचारी नाराज हुये। बाद में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी को अपने लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

- प्रदेशभर में 12 हजार मनरेगा कर्मचारी, 5 माह से नहीं मिला मेहनताना

रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

प्रदेश के मनरेगा कर्मचारियों ने रायपुर के तूता मैदान में रैली निकालकर अपनी सेवा सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। 19 साल ग्रामीण विकास में अपनी सेवा देने के बाद भी इन कर्मचारियों के लिए न तो मानव संसाधन निधि बन पाई और न ही इनको सम्मानजनक नौकरी नसीब हो रही है।

सही जानकारी नहीं देने का आरोप : *छत्तीसगढ़ मनरेगा कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय सिंह क्षत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों पर शासन को सही जानकारी से अवगत नहीं कराने का आरोप लगाया है। जबकि राजस्थान जैसे राज्यों में 9 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके मनरेगा कर्मचारी नियमित हो चुके है। भाजपा की सरकार बनने के बाद इन कर्मचारियों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं, लेकिन अब उनके सब्र का बांध टूटता नजर आ रहा है। बीते एक साल में ये कर्मचारी मानव संसाधन लागू कराने संघर्ष करते रहे। कमेटी बनी जिसे 15 दिवस में रिपोर्ट सौंपना था, किंतु प्रशासन की उदासीनता के कारण निर्णय नहीं हुआ।*

कर्मचारियों ने कहा- कमेटी ने अब तक नहीं सौंपी रिपोर्ट

लामबंद कर्मचारियों का कहना है कि 19 साल से सेवा देने के बाद भी मानव संसाधन नीति नहीं बनी है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय क्षत्री ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति बनाने शासन स्तर पर कमेटी बनाई गई है। कमेटी ने अब तक अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। हमारी मांग है कि नियमितीकरण की प्रक्रिया पूरी होने तक मनरेगा कर्मचारियों की सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए मानव संसाधन नीति तत्काल लागू की जाये। पूर्व में की गई हड़ताल अवधि का वेतन और लंबित मानदेय तत्काल प्रदान किया जाये। मनरेगा कर्मचारियों से केंद्र व राज्य शासन के निर्देश अनुसार महात्मा गांधी रोजगार योजना के अलावा अन्य कोई कार्य न लिया जाये।

आदिवासी बच्चों को बंधक बनाकर काम कराने वाली फरार आरोपी गिरफ्तार

- इसी मामले में आरोपी का पति आजीवन कारावास की सजा काट रहा
- कबीर नगर थाना क्षेत्र में दस वर्ष पूर्व की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जवाहर उत्कर्ष योजना के तहत कांकेर के तीन बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर बंधक बनाकर घर में काम कराने की फरार आरोपी महिला को पुलिस ने उत्तरप्रदेश, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। बच्चों को बंधक बनाकर काम कराने के आरोप में गिरफ्तार महिला के पति को कोर्ट ने तीन वर्ष पूर्व आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

पुलिस ने बिनीता शर्मा को गिरफ्तार किया है। महिला पर आरोप है कि उसने अपने पति सतीश शर्मा उर्फ क्षितिज के साथ मिलकर बस्तर मित्र फाउंडेशन के नाम से झूठी जानकारी देकर इंद्रावती भवन में रजिस्ट्रेशन करवाया। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद महिला और उसके पति ने वेदांता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का प्रमाणीकरण शिक्षा विभाग से करवाकर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति के आदिवासी क्षेत्र के तीन बच्चों को शिक्षा देने का झांसा देकर बंधक बनाकर नौकर की तरह घरेलू कार्य कराया। घरेलू कार्य नहीं करने पर बच्चों के साथ मारपीट की। कोर्ट में चालन पेश होने के पहले महिला पुलिस को चकमा देकर फरार हो गई थी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

बिजनेस साइट

तिरुपति धार्मिक यात्रा संस्था : श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक यात्रा का नया आयाम

रायपुर। छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में धार्मिक पर्यटन को एक नई दिशा देने वाली तिरुपति धार्मिक यात्रा संस्था लगातार श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्राओं का आयोजन कर रही है। संस्था के डायरेक्टर विनोद खुशबू रात्रे के मार्गदर्शन में अब तक हजारों श्रद्धालु तिरुपति बालाजी, शिर्डी, द्वारका, उज्जैन, अयोध्या, काशी, वृंदावन, हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे प्रमुख तीर्थस्थलों की यात्रा कर चुके हैं। यह संस्था श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान बस, ट्रेन, हवाई यात्रा, भोजन, ठहराव, दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों की संपूर्ण व्यवस्थाएं उपलब्ध कराती है।

विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं के लिए संस्था द्वारा अतिरिक्त सहयोग और सुविधा दी जाती है, जिससे वे बिना किसी चिंता के अपनी यात्रा पूरी कर सकें। तिरुपति धार्मिक यात्रा संस्था द्वारा अब तक 200 से अधिक सफल धार्मिक यात्राओं का आयोजन किया जा चुका है। इन यात्राओं में श्रद्धालुओं का अनुभव हमेशा सकारात्मक रहा है, जो संस्था की पहचान बन चुका है।

एसबीएच वूमेन हॉस्पिटल में लेजर कास्मेटिक गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट की शुरुआत

रायपुर। एसबीएच वूमेन हॉस्पिटल ने अपने मरीजों को और अधिक राहत देने के लिए लेजर कास्मेटिक गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट लॉन्च किया है। अब महिलाओं के लिए गोपनीय ओपीडी सेवा भी उपलब्ध करवाई गई है, जिससे वे अपनी समस्याओं का समाधान बिना किसी झिझक के करा सकती हैं। एसबीएच अस्पताल में यह सुविधा विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए शुरू की गई है, जो ऑपरेशन, टांके या किसी भी प्रकार के शारीरिक कट से डरती हैं।

अब उन्हें चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया पूरी तरह से दर्दरहित है। एसबीएच वूमेन हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. स्वाति महोबिया ने बताया कि इस नवीनतम लेजर तकनीक का उपयोग कर महिलाएं बिना किसी दर्द के अपनी समस्याओं का समाधान करा सकती हैं। यह मशीन छत्तीसगढ़ में पहली बार विदेश से आयातित की गई है, जिससे राज्य के मरीजों को अत्याधुनिक उपचार प्राप्त होगा।

हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 29 मार्च 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

माता के दरबार में प्रज्ज्वलित होंगे ...

एजूकेशन अपडेट

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए पीपीटी प्रवेश परीक्षा, ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल तक

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रदेश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सरगुजा और बस्तर संभाग के पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए पीपीटी (प्री-पॉलिटेक्निक टेस्ट) प्रवेश परीक्षा 2025-26 के ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 11 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक निर्धारित की गई है।शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य ने जानकारी दी कि राज्य शासन की नीति के अनुसार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेजों में प्रवेश के लिए स्थानीय जिले के मूल निवासियों को प्राथमिकता दी जाती है। हालांकि, दुर्गम क्षेत्रों के हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राएं कई बार जानकारी के अभाव में प्रवेश लेने से वंचित रह जाते हैं। इसलिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 मार्च 2025 से शुरू हो चुकी है, जो 11 अप्रैल 2025 को समाप्त होगी। आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि सुधार 12 अप्रैल 2025 से 14 अप्रैल 2025 सायं 5 बजे तक किया जा सकेगा।

परीक्षा तिथि और केंद्रों की जानकारी

पीपीटी प्रवेश परीक्षा 1 मई 2025 को पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक जिला मुख्यालयों में आयोजित की जाएगी। व्यापम की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध पी.पी.टी. प्रवेश परीक्षा 2025-26 से संबंधित विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **https://vyapamcg.cgstate.gov.in/** पर उपलब्ध है।राज्य शासन के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों के लिए परीक्षा शुल्क पूरी तरह से माफ किया गया है। इस संबंध में 8 अप्रैल 2022 को छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव द्वारा पत्र जारी किया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि स्थानीय प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा।

● इंटीरियर डिजाइनर से घरों को दे रहे नया लुक, कमरों में फ्लोरिंग कराने की दे रहे सलाह

गर्मी में ठंडक बढ़ाने घरों में फॉल सीलिंग, ग्रीन नेट-देशी जाली का बढ़ा उपयोग, पेंट से भी राहत

"गर्मी के दिनों में लोग अपना ज्यादातर समय घर पर रहना पसंद करते हैं, लगातार बढ़ते तापमान ने शहरवासियों की चिंता बढ़ा दी है। इससे वह छुटकारा पाने के लिए अनेक तकनीकी उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। गर्मी के मौसम में घर के कमरों में ताजी हवा और ठंडा वातावरण जरूरी है, अगर आपके घर में एसी नहीं है और बिजली कटौती की समस्या बनी रहती है तो इससे बचने के लिए इंटीरियर डिजाइनर ने अनेक टिप्स बताए है। घर पर छोटे-छोटे बदलाव से भी शानदार बदलाव देख सकेंगे, जो न सिर्फ आपके घर का लुक चेंज करेंगा, बल्कि आपके घर को ठंडक भी देगा।



बालकनी और कमरे पर लगाए बांस की जाली

इंटीरियर डिजाइनर शरद उपाध्याय ने बताया कि परंपरागत तैयार मिट्टी, बांस और खप्पर का घर अधिक ठंडक देने का काम करता था। इन दिनों घर पर ठंडक के लिए पुरानी तकनीक का प्रयोग कर सकते हैं, जैसे ग्रीन नेट और बांस की जाली बेहतर है, जिसे बालकनी और कमरे की खिड़की पर लगा सकते हैं।

न्यू लुक के लिए इंडोर प्लांट लगाए

न्यू लुक के लिए आप अपने घर पर इंडोर प्लांट लगाकर सजावट कर सकते हैं, इसमें मनी प्लांट, स्नेक प्लांट, स्पाइडर प्लांट, पीस लिली और जेड प्लांट जैसे पौधे कम देखभाल वाले होते हैं और हवा को शुद्ध करने में भी मदद करते हैं। गर्मी के मौसम में कमरे व बालकनी प्लेस में प्लांट लगाना शुरू करें, यह कमरे की गर्मी को दूर करता है।



घर पर फॉल सीलिंग से ठंडक

इंटीरियर डिजाइनर अविकार चंद्राकर ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर वाले घरों में ठंडक और ताजगी के लिए फॉल सीलिंग का प्रयोग करें, इससे बाहर की गर्मी अंदर कमरों तक नहीं पहुंचती। आजकल मिट्टी और खप्पर के घर देखने को नहीं मिलते, बल्कि पुराने घरों की डिजाइन अपने आप में श्रेष्ठ थी। खप्पर बाहर की गर्मी को रोकने का काम करता है, जिससे घर में ठंडक रहती है।

रायपुर। इन दिनों घर की साज-सज्जा के लिए लोग लाखों-करोड़ो रुपए खर्च करने से नहीं कतराते, ऐसे में गर्मी के दिनों में कम बजट में घर को डिजाइन करना सबसे बड़ी चुनौती है। शहर के इंटीरियर डिजाइनर ने बताया कि कम बजट में घर को क्लासी लुक देने के लिए पांरपरिक तकनीक का प्रयोग करना शुरू कर दें, जो कम बजट के साथ घर को डिजाइनर लुक भी देता है। अन्य शहरों के तुलना में गर्मी का तापमान रायपुर में भी देखने को मिल रहा, इस स्थिति में फिलर स्लैब तकनीक के साथ घर बनाने शुरू करें। यह कम बजट में होने के साथ घर के इंटीरियर को शानदार लुक भी देता है।



गर्मी से बचने घर में फ्लोरिंग कराएं

इंटीरियर डिजाइनर निवेदिता ने बताया कि कमरों में फ्लोरिंग गर्मी से राहत का काम करती है, इसमें पेंट लगाकर बाहरी गर्मी को अंदर आने से रोक सकते हैं। बाजार में मिलने वाले नामी कंपनी का कॉटन गर्मी के लिए सबसे बेहतर उपाय है, जो बाहर से आने वाली गर्म हवा को फिल्टर कर केवल ठंडी हवा घर के भीतर पहुंचाता है, जिससे गर्मी का अहसास कम हो जाता है। इन दिनों शहर में घर निर्माण के दौरान फिलर स्लैब तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जो पर्यावरण के अनुकूल रहकर काम करता है।

सिटी इवेंट

कारीगरों और राजस्थान जेल के कैदियों की बनाई कालीनों की लगेगी प्रदर्शनी

रायपुर। जयपुर रग्स की ओर से ग्रामीण राजस्थान के कारीगरों और राजस्थान जेल के कैदियों द्वारा तैयार किए गए 100 से अधिक कालीनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्घाटन 1 अप्रैल से रायपुर के शांति सरोवर, कचना में स्थित एसएस टर्निंग प्वाइंट पर किया जाएगा। हस्तनिर्मित कालीनों की जीवंत और अभिनव मंचहा और फ्रीडम मंचहा श्रृंखला में असाधारण टुकड़ों को परिभाषित करने वाली कहानियों, रचनात्मकता देखने को मिलेगी। मनचाहा सीरीज, जिसका अर्थ है दिल से महसूस किया गया या बिना किसी बंधन के, कारीगरों को प्रत्येक रचना में अपने व्यक्तिगत सपने, अनुभव और भावनाओं को बुनने की अनुमति देता है। दूसरी ओर, फ्रीडम मनचाहा सीरीज एक कदम आगे जाती है, जिसमें राजस्थान की जेलों के कैदियों द्वारा तैयार किए गए कालीन शामिल हैं। ये डिजाइन उन व्यक्तियों की अप्रतिबंधित रचनात्मकता और सशक्तिकरण को दर्शाते हैं, जिन्होंने जेल में रहने के बावजूद अपनी कला में स्वतंत्रता की भावना पाई है।

कालीनों में छिपी हैं कहानियां

महावीर द्वारा लालिमा कालीन में अपनी प्यारी पत्नी को एक शानदार श्रद्धांजलि, उनकी पहली मुलाकात और उस पल में बुनी गई भावनाओं को कैद करती है। अमरचंद द्वारा जंजीरे कालीन में जीवन के अंतर्संबंधों का एक जटिल प्रतिनिधित्व, जो अनुभवों, विश्वासों और मूल्यों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाता है। अरशद और निरंजन द्वारा सुख-दुख के कालीन में जीवन के द्वंद्वों की एक शक्तिशाली अभिव्यक्ति, जो मानव अस्तित्व के आनंद और संघर्षों को खूबसूरती से एक साथ बुनती है।

शिल्प का उपयोग मुक्ति और अभिव्यक्ति के रूप में

ये उत्कृष्ट कृतियां सिर्फ़ सुंदरता से कहीं ज़्यादा शक्तिशाली कहानियाँ बताती हैं, जो अक्सर गहरी व्यक्तिगत और अंतरंग होती हैं, जबकि बिना किसी सीमा के बनाने की आज़ादी का जश्न मनाती हैं। विशेष रूप से, फ्रीडम मनचाहा सीरीज़ आत्म-अभिव्यक्ति के सार को पकड़ती है, जहाँ प्रत्येक गांठ और धागा कारीगरों की असीम रचनात्मकता का प्रमाण है, जिनमें से कई जेल में हैं, लेकिन उन्होंने अपने शिल्प का उपयोग मुक्ति और अभिव्यक्ति के रूप में किया है।

बेहतर आहार ग्रहण करने बच्चों की योग साधना, योगासनों से दिखाई प्रतिभा

रायपुर। डब्ल्यूआरएस रेलवे इंस्टीट्यूट में तीन दिवसीय बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आहार कैसा हो थीम पर आधारित योग साधना कराई गई। इस प्रकार के शिविर के लाभ और विषयों पर योग्य प्रशिक्षकों ने ज्ञानवर्धक वार्ता की। आसन प्रदर्शन में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। मंच संचालन अरुणा और सुनीता ने किया, जबकि आसन प्रदर्शन मास्टर केशव कृष्णा और कु. जया किशोरी ने किया। सूक्ष्म क्रिया-योगिक जॉगिंग के माध्यम से रजनी, संगीता, पूर्णिमा, आरती श्रीवास और कुमारी निक्की ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया, जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास

विभिन्न योगासनों का अभ्यास, हास्यासन राजेश डागा और राजेश अग्रवाल ने कराया तथा उसके लाभ, प्रभाव से बच्चों को अवगत कराया। शवासन, प्राणायाम भी कराया, जबकि ध्यान का अभ्यास आरती श्रीवास ने कराया। आकर्षक गेम और प्रश्नकाल रिया फतनानी द्वारा आयोजित किया गया। विजेताओं को गुरुजनों द्वारा पुरस्कृत किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। आयोजन में मुख्य कार्यकर्ता के रूप में गीतांजलि बाग, नीतू मूंदड़ा, एन. अरुणा, गायत्री, जयंती बंजारे, चिन्मय पांडा, राजेश अग्रवाल और राजेश डागा की सराहनीय भूमिका रही।

पोस्टर प्रदर्शन और जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने एनर्जी क्लब का गठन

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान और छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी के संयुक्त तत्वावधान में 'एनर्जी क्लब' का गठन किया गया, जिसका उद्देश्य कार्यशालाओं और व्यावहारिक अनुभवों के माध्यम से एनर्जी समाधानों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण का संदेश के साथ की गई। इसमें संस्थान की नवीनतम पहल 'एनर्जी क्लब' का औपचारिक शुभारंभ हुआ, एनर्जी क्लब छात्रों द्वारा संचालित एक पहल है, जो ऊर्जा दक्षता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कार्य करेगा। इसका उद्देश्य संस्कृति विकसित करना है। क्लब के प्रमुख कार्यक्रमों में एनर्जी संरक्षण मार्च, पोस्टर प्रदर्शन और जागरूकता अभियान शामिल हैं।

वार्षिक इनोवेशन सेल का शुभारंभ

एनआईटी द्वारा वार्षिक इनोवेशन सेल कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया जा रहा, यह कार्यक्रम पं.दीनदयाल उपाध्याय सभागार में किया जा रहा। आयोजन में आकर्षण का केंद्र प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुति, इनोवेशन एक्सपो और इंटरैक्टिव सत्र रहेगा, जिसमें छात्रों के क्रिएटिव आईडियाज देखने को मिलेगा। यह कार्यक्रम सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी और आई. सेल के फैकल्टी डॉ. सौरभ गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज, वेदिका फाउंडेशन का आदिशक्ति स्तुति गरबा महोत्सव

कार्नर न्यूज

पहली बार चैत्र नवरात्रि पर मचेगी गरबा की धूम, बॉलीवुड एक्ट्रेस अदा शर्मा रायपुरियंस के साथ खेलेंगी डांडिया

रायपुर। राजधानी में पहली बार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर राजधानीवासियों को गरबा खेलने का सुनहरा मौका मिलने जा रहा है। हरिभूमि और आईएनएच न्यूज के साथ मिलकर वेदिका फाउंडेशन द्वारा आदिशक्ति स्तुति धार्मिक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दिव्य गरबा महोत्सव आयोजित है। इस महोत्सव में शारदीय नवरात्रि के तर्ज पर भक्तिमय वातावरण में गरबा नृत्य किया जाएगा। आमतौर पर गरबा प्रेमियों को डांडिया खेलने के लिए सालभर इंतजार करना पड़ता है, लेकिन इस बार चैत्र नवरात्रि में भक्तजन माता की आराधना करते हुए पारंपरिक गीतों के साथ गरबा नृत्य का आनंद ले सकेंगे। यह आयोजन 5 अप्रैल को बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा। यह ऐतिहासिक पहल वेदिका फाउंडेशन द्वारा की जा रही है, जो महिला सशक्तिकरण, वंचित बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत है।

ये रहेगा आकर्षण का केंद्र

आदिशक्ति स्तुति कार्यक्रम में माता की आराधना के साथ गरबा का आयोजन होगा। इस दौरान नवरात्रि के शुभ अवसर पर अष्टमी महाआरती होगी। भक्तिमय वातावरण में गरबा का आयोजन, जो छत्तीसगढ़ में पहली बार इतने बड़े स्तर पर किया जा रहा है।

यहां मिलेगा निशुल्क पास

कार्यक्रम में प्रवेश सिर्फ पास के माध्यम से ही होगा। निशुल्क पास एटी ज्वेलर्स, सिटी कोतवाली चौक और रायजा ग्रुप, श्याम प्लाजा, पंडरी व हरिभूमि मुख्य कार्यालय पचपेड़ी नाका से प्राप्त किए जा सकते हैं। बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में 5 अप्रैल को संध्या 7 बजे से कार्यक्रम शुरू होगा।

आएंगी अदा शर्मा खेलेंगी गरबा

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव के जरिए युवाओं को भक्ति से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और धार्मिक मूल्यों से परिचित कराना है। भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार व धार्मिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बस्तर : द नक्सल स्टोरी फेम बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा शामिल होंगी। इस दौरान अदा भी लोगों के साथ गरबा करती हुई नजर आएंगी।

सिटी लाइव

गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होगी थायरॉइड रोगियों की जांच

रायपुर। थायरॉइड की शिकायत होने पर घबराहट, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, हाथों में कंपन, पसीना ज्यादा आने की समस्या होती है। इसके अलावा दिल की धड़कन बढ़ना, बालों का पतला होना और झड़ना तथा मांसपेशियों में कमजोरी के साथ दर्द जैसी दिक्कतें होती हैं। लोगों में जागरूकता की कमी होने और देर रात तक जागने के कारण भी थायरॉइड के मरीज बढ़ रहे है। वर्तमान में 4.2 करोड़ लोग इससे पीड़ित हैं। इसमें महिलाओं का प्रतिशत 80 और पुरुष रोगियों का प्रतिशत 20 प्रतिशत है। महिलाओं में गर्भावस्था के समय इसकी संभावना बढ़ जाती है। लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए 30 मार्च को चौबे में स्थित एक निजी अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर में सुबह 7 से शाम को 7 बजे तक बड़े स्तर इस बार निशुल्क जांच और परामर्श देने की तैयारी है।

सात हजार ने कराया पंजीयन

इस जांच शिविर को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। थायरॉइड की समस्या को सरल तरीके से जानने, इसके कारण और निदान को लेकर देश की पहली हिंदी पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। आयोजक डॉ. तरुण मिश्रा के साथ ही गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की स्टेट हेड सोनल शर्मा और राजेश शर्मा ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। आगे बताया कि अभी तक इस शिविर में शामिल होने के लिए सात हजार लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन कराया है।

इस वजह से बढ़ती है शिकायत

उन्होंने आगे बताया कि हमारा लक्ष्य है कि इस शिविर में 1000 थायरॉइड के मरीजों की निशुल्क जांच होगी, परामर्श और जानकारी लेने के लिए लोग पहुंचेंगे। थायरॉइड मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है। इसमें हाइपोथायरायडिज्म और थायरॉइड ग्रंथि से पर्याप्त थायरोक्सिन हार्मोन का उत्पादन न होना और दूसरा हाइपरथायरायडिज्म होता है। इसमें थायरॉइड ग्रंथि द्वारा बहुत अधिक थायरोक्सिन हार्मोन बनने से लोगों में शिकायत बढ़ रही है। इन समस्याओं से घबराने के बजाय सजगता से रोकथाम संभव है।

समाज लाइव

मानव सेवा के लिए सिंधी समाज की पहल, किया रक्तदान बांटा हेलमेट

रायपुर। चेट्रीचंड्र सिंधी समाज का प्रमुख पर्व है। इस अवसर पर सिंधु शक्ति द्वारा मानव सेवा के लिए विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं। इसमें दृष्टिबाधित बच्चियों के लिए जरूरी सामग्री, गरीबों को जरूरत के सामान, अस्पताल में मरीजों को फल भी वितरित किए जाते हैं। रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों को ब्लड उपलब्ध कराते हुए सेवा दी जाती है। लोगों को हेलमेट देकर मानव सेवा का काम करते हैं। चेट्रीचंड्र महोत्सव के अवसर पर इस बार भी सिंधु शक्ति संस्था के सदस्यों ने शुक्रवार को हीरापुर स्थित प्रेरणा दृष्टिबाधित आश्रम में पहुंचे। जहां उन्होंने आश्रम में जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराई।

भगवान झूलेलाल की आराधना

इस दौरान फल, चिप्स, बिस्किट, चॉकलेट, कूलर, कंप्यूटर टेबल, मिठाई, आइस्क्रीम बांटी गई। आश्रम की बच्चियों ने भगवान झूलेलाल को याद करते हुए आराधना की और उनका गुणगान करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। इसमें शामिल बालिकाओं ने भजन और राज्यगीत भी गाया। इसमें संस्था के संस्थापक किशोर आहूजा, अध्यक्ष मनोज डेंगवानी, अमर दौलतानी, रवि तेजवानी, चंदन पंजवानी ने उन्हें जहां जरूरी सामग्री प्रदान की। वहीं विपुल गोविंदानी, शंकर मोटवानी, मुखी गुरनामल रोहरा, भरत पमनानी, संजय रामानी, शंकर पिंजानी ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग भी दिया।

● चैत्र नवरात्रि के लिए सजकर तैयार हुए माता के श्रीधाम, ज्योति के लिए पंजीयन आज दोपहर तक

माता के दरबार में प्रज्ज्वलित होंगे आस्ट्रेलिया, अमेरिका और कनाडा के 52 भक्तों के मनोकामना ज्योति कलश

'आदिशक्ति के प्रति श्रद्धा रखने वाले देश-प्रदेश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी रहते हैं। इस नवरात्रि आस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा समेत विदेशों में रहने वाले 52 से ज्यादा भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश के लिए अपना पंजीयन कराया है। चैत्र नवरात्रि पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में चकमक पत्थर और रुई की मदद से बैगा-पंडा हजारों ज्योति कलश को विधि-विधान से माता के धाम में प्रकाश पुंज से ही प्रज्ज्वलित करेंगे। साथ ही हिंदू नववर्ष के भक्तिमय माहौल में आगाज भी होगा।'

रायपुर। प्राचीन मां कंकाली माता के श्रीधाम में इस नवरात्रि तेल से ही मनोकामना ज्योति जलाई जाएंगी। 851 ज्योति कलश का लक्ष्य रखा है। पुजारी आकाश शर्मा ने बताया कि केवल राज ज्योति ही घी से जलाई जाती है। इस बार तेल ज्योति के लिए 700 रुपए शुल्क तय किया है। अब तक 600 भक्तों ने मनोकामना ज्योति के लिए अभी तक पंजीयन करवाया है। इनमें विदेश में रहने वाले क्षेत्र के 15 भक्तों ने भी ज्योति के लिए पंजीयन कराया है। सुबह 5.50 बजे मंगला आरती के साथ ही ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। पहले दिन, पंचमी और अष्टमी को माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

तेल और घी की ज्योति जलवाने होड़

आकाशवाणी चौक स्थित मां महाकाली मंदिर में तेल और घी की 4100 ज्योति लोग जलवा सकेंगे। अभी तक 3 हजार लोगों ने पंजीयन कराया है। तेल की मनोकामना ज्योति के लिए 951 व घी ज्योति का शुल्क 2101 रुपए तय किया है। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश कलश ने बताया कि कपूर से राज ज्योति जलाते हुए इससे ही सभी ज्योत कलश को रोशन किया जाता है। माता का विशेष श्रृंगार करने के साथ नौ दिनों तक माता की अलग-अलग समय में चार बार आरती की जाएगी। इस बार भी विदेश में रहने वाले 12 भक्तों ने मनोकामना ज्योति जलवाने के लिए पंजीयन कराए हैं।



जसगीत गायन के लिए टोली आमंत्रित

देवी मंदिरों में प्रतिदिन जसगीत गायन की परंपरा भी निभाई जाती है। इसके लिए मंदिर प्रबंधन ने पहले से ही नवरात्रि में जसगीत गाने वाली टोलियों को आमंत्रण देने का दायित्व निभाने के साथ ही ज्योति कक्ष की जिम्मेदारी निभाने के लिए बैगा और पंडा को भी न्योता दिया गया है। चैत्र नवरात्रि में जसगीत टोलियों के पास भी आमंत्रण ज्यादा होने से वे जसगीत गाने के लिए भी एक-दो दिन ही पहुंचती हैं। इसे देखते हुए इस बार प्रमुख मंदिरों में टोलियों को आमंत्रण देने की परंपरा भी होली के बाद ही निभाई गई। कुछ मंदिरों द्वारा अभी भी टोलियों को आमंत्रण दिया जा रहा है।

चकमक पत्थर, रूई से उत्पन्न होगी अग्नि

मां महामाया मंदिर में इस बार 11 हजार मनोकामना ज्योति से माता का श्रीधाम जगमगाएगा। इसके लिए अभी तक 9 हजार लोगों ने पंजीयन कराया है। इनमें 25 से ज्यादा विदेश में रहने वाले भक्त ज्योति के लिए पंजीयन करा चुके हैं। ट्रस्ट के सचिव दुर्गा प्रसाद पाठक ने बताया कि नौ दिनों तक तीन बार मां की आरती और दो बार श्रृंगार होगा। चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा को अभिजीत मुहूर्त में चकमक पत्थर और रुई की मदद से माता के दरबार में सात राज ज्योति प्रज्ज्वलित होंगी। मनोकामना ज्योति तेल से ही जलेंगी। इसके लिए 700 रुपए शुल्क मंदिर ट्रस्ट ने तय किया है।

अभिजीत मुहूर्त में होगा श्रृंगार-पूजा

पुरानी बस्ती स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मोहन ठाकुर ने बताया कि इस बार मंदिर में 1500 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए व्यवस्था की गई है। अभी तक एक हजार भक्तों ने तेल ज्योति जलवाने के लिए प्रति ज्योति 700 की दर से पंजीयन कराने के साथ ही श्रद्धालुओं ने शुल्क जमा किया है। प्रतिपदा तिथि पर अभिजीत मुहूर्त में ही बैगा-पंडा के सहयोग से चकमक पत्थर और रुई की मदद से ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। स्थापना से पहले माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा, तो अष्टमी तक यथावत रहेगा। रोज सुबह व शाम को आरती होगी।

बैगा-पंडा जलाएंगे राज ज्योति कलश

रावांभाठा स्थित बंजारी माता धाम में इस नवरात्रि में 10 हजार ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करने के लिए सारी तैयारी की गई है। वहीं 6 हजार 600 लोगों ने मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन कराया है। बंजारी में केवल तेल के ही ज्योति जलाने की परंपरा निभाई जाती है। इसके लिए 800 रुपए प्रति ज्योति कलश के लिए शुल्क तय किया गया है। मंदिर के संस्थापक हरीश भाई जोशी की अगवाई में चकमक पत्थर और रुई की मदद से बैगा-पंडा राज ज्योति प्रज्ज्वलित करेंगे।

भक्ति गीतों के साथ हिंदू नववर्ष का शुरू हुआ स्वागत उत्सव, राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

रायपुर। हिंदू नववर्ष से पहले सामाजिक संस्थाओं की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इस बार लोग धार्मिक गतिविधियों और कीर्तन संध्या के साथ नववर्ष का स्वागत करेंगे। रविवार 30 मार्च के प्रथम दिन शहर के अनेक सामाजिक संस्थाओं द्वारा भव्य शोभायात्रा एवं कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहरवासी एकजुट होकर हिंदू नववर्ष पर सांस्कृतिक आयोजन करेंगे।

परंपरा के अनुसार भजनों से होगा वर्ष का स्वागत

निशुल्क बांटे जाएंगे हजार हिंदू कैलेंडर

पुजारी मनोज शुक्ला ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर पुरानी बस्ती स्थित माता राजराजेश्वरी महामाया मंदिर में हिंदू नववर्ष के कैलेंडर वितरित किए जाएंगे। नवरात्रि के दिनों में निशुल्क रूप से सभी श्रद्धालुओं के लिए हजार से अधिक की संख्या में कैलेंडर तैयार किए जा रहे, जिसे शहरवासियों को भेंट किया जाना है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन से कैलेंडर की शुरुआत होगी, जिसमें सभी दिन हिंदू पंचांग के अनुसार लिखे गए हैं।

धार्मिक भजनों पर झूमा महिला मंडल

संगिनी महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को समता कॉलोनी स्थित भीमसेन भवन में नववर्ष का आयोजन किया गया। महोत्सव में राधा-कृष्ण की झांकियां भी देखने को मिलीं। इस दौरान मीठे रस से भरियो..राम-राम जय राजा राम...श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी...शिव भोला..जैसे धार्मिक भजनों से कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जो लगातार दो घंटे तक निरंतर जारी रहा। महिलाओं ने मुंह मीठा कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लल्लू महाराज के शानदार भजन सुनकर खुद को थिरकने से रोक न सके, इसमें दो सौ से अधिक लोग मौजूद रहे। इस दौरान बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट डांस के विनर को चांदी का रामदरबार और चम्मच-कटोरी उपहार स्वरूप दिया गया।

भगवा ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा

जगतगुरु नरेंद्राचार्य भक्त सेवा मंडल, महाराष्ट्र मंडल और प्रदेश कुनबी समाज के संयुक्त तत्वावधान में नववर्ष की उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार 30 मार्च को सुबह 7.30 बजे तात्यापारा हनुमान मंदिर से नगर भ्रमण के लिए शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो रामनगर, गुरुनानक चौक, एमजी रोड, शारदा चौक, फूल चौक होते हुए पुनः तात्यापारा पहुंचेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में शहरवासी भगवा ध्वज के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे।

आज होली मिलन नए साल का स्वागत

रायपुर। कल्पना मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा कल 29 मार्च शनिवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक महिलाओं के लिए होली मिलन और हिंदू नववर्ष के स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम रोहिणीपुरम स्थित शिवाजी इंग्लिश स्कूल कैंपस में होगा। इसमें फूलों की होली भी खेली जाएगी। श्री शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट द्वारा 30 मार्च से 6 अप्रैल तक नववर्ष और गणगौर पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रोजाना महिला मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन विभिन्न मंदिरों में किया जाएगा।

बौद्धिक संपदा अधिकार के मूल तत्व पर विशेषज्ञों ने दिया जोर

रायपुर। पेटेंट ड्रॉफ्टिंग में अंतर्दृष्टि को लेकर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सरस्वती पूजन, स्तुति और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण व विषयवस्तु की जानकारी विश्वविद्यालय के बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रो. स्वर्णलता सराफ ने दी। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो. टीएल वर्मा और मुख्य अतिथि प्रो. पीके पात्रा एवं कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने संगोष्ठी को संबोधित किया। बौद्धिक संपदा अधिकार के सचिव प्रो.एलएस गजपाल ने समापन से पूर्व अपना संबोधन दिया। राष्ट्रीय औषधि शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के डॉ. राकेश कुमार टेकाडे ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के मूल तत्व पर जोर दिया।

150 प्रतिभागियों के फॉर्म मिले

डॉ. कुमार राजू ने पेटेंट निर्देशों की समझ पर जोर दिया। पूजा मेनन ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की संक्षिप्त चर्चा एवं प्रकार से लोगों को अवगत कराया। इस व्याख्यान में यूनिवर्सिटी के शोध विद्यार्थियों ने आईपीआर फाइलिंग और आवेदन प्रक्रिया के बारे में सीखा। इसमें 150 प्रतिभागियों के गूगल फॉर्म प्राप्त हुए। आईपीआर सेल द्वारा अब तक 52 से अधिक पेटेंट और 2 डिजाइन पेटेंट दाखिल किए जा चुके हैं। आईपीआर सेल द्वारा पेटेंट पर जागरूकता व्याख्यान की श्रृंखला आयोजित की गई।

लोगों तक पहुंच रहा महावीर स्वामी का संदेश, 31 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में हर दिन समाजसेवा

रायपुर। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर शुक्रवार को सुबह सुंदरनगर-डीडीनगर क्षेत्र में प्रभात फेरी निकाली गई। श्री 1008 वासुपूज्य जिनालय, जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकली और डीडीनगर से जगन्नाथ मंदिर होते हुए अरिहंत ज्वेलर्स के पास जैन कॉलोनी में इसका समापन हुआ। भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर अरिहंत ज्वेलर्स के पास जैन कॉलोनी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 31 रक्तवीरों ने ब्लड डोनेशन कर समाजसेवा की मिसाल पेश की। वहीं गुरुवार को 21 लोगों ने ब्लड डोनेट किया था। समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, महासचिव सिद्धार्थ डागा एवं कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा ने बताया कि 15 दिवसीय रक्तदान शिविर में इकट्ठा होने वाले ब्लड यूनिट को ब्लड बैंक, समाजसेवकों और एनजीओ के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुंचाया जाएगा।

आओ महावीर के दरबार

वर्तमान महिला मंडल की ओर से न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जिनालय में आओ महावीर के दरबार का आयोजन किया गया। भगवान महावीर स्वामी की जीवनी पर प्रश्नोत्तरी एवं रोचक गेम्स के आधारित का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सरिता पारख, रेखा, मंजू, अंजना, पुष्पा, विमल, गोलछा, कस्तूरी बाई, सुधा बाई के साथ ही समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर, सचिव सिद्धार्थ डागा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र डागा मौजूद रहे।

महिला मंडल ने कूलर दिया दान

महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन महिला मंडल ने टिकरापारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में कूलर दान किया गया। कार्यक्रम में मंडल की अध्यक्ष सरिता जैन, सुनील जैन, संयोजिका सुनीता गिरीश जैन, अंजू लता जैन, सचिव सपना संजय जैन, डिंपल जैन, लता जैन, प्रीति जैन, लता गुलशन जैन, अलका जैन, शिखा जैन, सीमा जैन, अंजू जैन, रजनी जैन, सपना आशीष जैन, सुषमा जैन, प्रीति जैन, मुनि बाई जैन, विनीता पीयूष जैन, चांदनी जैन, रश्मि जैन आदि सदस्य उपस्थित थीं।

सिटी स्पोर्ट्स

एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है रोमांचक मुकाबले

अभिषेक 83 रन

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 27 से 30 मार्च श्रृंखला में दूसरे दिन शुक्रवार को 4 मैच खेले गये।

बी.एस.पी. के विरुद्ध जांजगीर चांपा पीछे

ग्रुप ए का सातवां चार दिवसीय मैच बी.एस.पी. एवं जांजगीर चांपा के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बी.एस.पी. ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 133.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 440 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर से वैभव साहु ने सर्वाधिक 93 रन बनाये साथ ही देव आदित्य सिंह ने 85 रन तथा संगीत सोनी ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से हर्ष राठौर ने 5 विकेट तथा शाहबान खान ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी में 44 ओवरों में 4 विकेट खोकर 117 रन बना लिये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से संजीव सिंह ने नाबाद 40 रन तथा शाहबान खान ने नाबाद 34 रनों का योगदान दिया। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा 323 रनों से पीछे है।

रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर ब्लू पीछे

ग्रुप ए का आठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 306 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीश सिंह धालीवाल ने सर्वाधिक 140 रन तथा आलोक साहु ने 48 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लु की ओर से इम्तियाज खान तथा अल्तमश खान ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 50.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 137 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से इम्तियाज खान ने 41 रन तथा सन्नी पांडे ने 31 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से आयुष ठाकुर, पवनदीप सिंह, वरुण सिंह भुई तथा ऋषि शर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी बिलासपुर ब्लू ने दूसरे दिन की समाप्ति तक 5 ओवरों में 1 विकेट खोकर 5 रन बना लिये हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू 169 रनों से पीछे हैं।

रायपुर के विरुद्ध बिलासपुर पीछे

ग्रुप बी का सातवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 81.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 324 रन बनाये। रायपुर की ओर से इयान कॉस्टर ने सर्वाधिक 97 रन नाबाद तथा प्रतिक यादव ने 49 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 4 विकेट तथा धनंजय नायक ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 77 ओवरों में 9 विकेट खोकर 264 रन बना लिये है। बिलासपुर की ओर से अभिषेक सोहगौरा ने नाबाद 83 रन तथा अभिजीत ताह ने 42 रनों का योगदान दिया। रायपुर की ओर से आशीष चौहान तथा उत्कर्ष तिवारी ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर 60 रनों से पीछे है।

महासमुंद के विरुद्ध प्लेट कंबाइंड की जीत

ग्रुप बी का आठवां चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं प्लेट कंबाइंड के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 37.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 121 रन बनाये। महासमुंद की ओर से कृतेश साहू ने सर्वाधिक 74 रन बनाये। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने 4 विकेट, हर्ष यादव तथा विजय यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 71.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 342 रन बनाये हैं।

राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ का 22 सदस्यीय दल देहरादून रवाना

रायपुर। भारतीय जुडो महासंघ के तत्वाधान में उत्तराखंड संघ द्वारा राष्ट्रीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता पिस्टल वीद स्कूल, मसूरी रोड, देहरादून (उत्तराखंड) में 28 से 31 मार्च तक आयोजित है। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी के हवाले से जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष और प्रदेश जूडो संघ के संयुक्त सचिव अनीस मेमन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ का 22 सदस्यीय दल जिसमें 9 बालक, 10 बालिका एवं 03 प्रशिक्षक/मैनेजर रवाना हुए।

छत्तीसगढ़ टीम में बालिका वर्ग में दीपिका साहू-44 किलो, ट्विंकल सारथी-48 किलो, तनु रानी साहू -52 किलो, आकांक्षा जायसवाल -57 किलो, शारदा गोस्वामी -63 किलो, अंजलि ठाकुर-70 किलो, साधना जायसवाल -78 किलो, स्नेहा नियोगी +78 किलो, ज्योति ध्रुव-44 किलो, श्यामा अनजा -57 किलो शामिले हैं।

इस समस्या में त्वचा का रंग पड़ जाता है नीला, जा सकती है जान

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते तेजी से बढ़ रही हाइपरटेंशन की शिकायतें, वक्त रहते जरूरत सभी को पूरी तरह सचेत होने की

हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को शरीर में कई प्रकार की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। इससे हार्ट अटैक से लेकर स्ट्रोक जैसी जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को हाइपरटेंशन की बढ़ती समस्या का प्रमुख कारण माना जाता रहा है।

हाइपरटेंशन की स्थिति और इसके जोखिमों को लेकर तो हम सभी जानते हैं पर क्या आपने पल्मोनरी हाइपरटेंशन के बारे में सुना है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की आवश्यकता है।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन भी उच्च रक्तचाप का ही एक प्रकार है जो फेफड़ों और हृदय के दाहिने हिस्से की धमनियों को प्रभावित करता है। पल्मोनरी हाइपरटेंशन के एक प्रकार जिसे पल्मोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन कहा जाता है, इसमें फेफड़ों में रक्त वाहिकाएं संकुचित, अवरुद्ध या क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। इस तरह की स्थिति के कारण फेफड़ों के माध्यम से रक्त का प्रवाह धीमा हो जाता है, जिसके कई तरह के दुष्प्रभाव हैं।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का बढ़ता जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पल्मोनरी हाइपरटेंशन कुछ लोगों में गंभीर और जानलेवा भी हो सकती है, ऐसे में इसके खतरे को लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है। जिस तरह से हमारी लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी की समस्या बढ़ती जा रही है, इन रोगों का जोखिम भी बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि हम निरंतर प्रयास करते रहें जिससे इसके जोखिमों को कम किया जा सके।

क्यों होती है पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या?

पल्मोनरी हाइपरटेंशन की समस्या विकसित होने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित दिक्कतों के अलावा कुछ प्रकार के अंतर्निहित कारण जैसे जन्मजात हृदय रोग, कोरोनरी आर्टरी डिजीज, हाई ब्लड प्रेशर, लिवर के रोग (सिरोसिस), फेफड़ों में रक्त के थक्के बनने जैसे स्थितियां शामिल हैं।

सामान्यतौर पर फेफड़ों में रक्त वाहिकाओं के माध्यम से हृदय के बाईं ओर आसानी से रक्त प्रवाहित होता है लेकिन फेफड़ों की धमनियों को लाइन करने वाली कोशिकाओं में परिवर्तन के कारण धमनी की दीवारें संकीर्ण, कठोर, सूज सकती हैं। ये परिवर्तन फेफड़ों के माध्यम से रक्त के प्रवाह को धीमा कर देते हैं, जिससे इस गंभीर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन के लक्षणों को जानिए

पल्मोनरी हाइपरटेंशन की स्थिति शरीर में कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। आमतौर पर इसके लक्षण धीरे-धीरे विकसित होते हैं और बीमारी बढ़ने के साथ इसका अधिक होने लग जाता है। व्यायाम करते समय सांस की तकलीफ होना। शरीर में ऑक्सीजन का स्तर कम होने

के कारण त्वचा का रंग नीला या भूरा होना। त्वचा के रंग के आधार पर इन परिवर्तनों को आसानी से देखा जा सकता है। सीने में दबाव या दर्द महसूस होना। चक्कर आना या बेहोशी होना। दिल की धड़कन का बढ़ना और अधिक थकान महसूस होते रहना।

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का इलाज और बचाव

पल्मोनरी हाइपरटेंशन का कोई इलाज नहीं है, हालांकि लक्षणों को सुधारने और इसके जोखिमों को कम करके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए दवाइयों और कुछ प्रकार की थेरेपी की मदद ली जा सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाल में कुछ प्रकार के बदलाव की स्थिति इस रोग के जोखिमों को कम करने में मददगार हो सकती है।

कानों में घंटी बजने जैसी आवाज आ रही तो हो जाएं सावधान, बहरापन संभव

हमारे शरीर के सभी अंग आपस में एक दूसरे से कनेक्टेड होते हैं, यही कारण है कि किसी एक अंग में होने वाली समस्या के कारण पूरा शरीर प्रभावित हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम सभी अक्सर हृदय-फेफड़े जैसे अंगों में होने वाली समस्याओं को लेकर तो अलर्ट रहते हैं और इसे ठीक रखने के लिए प्रयास भी करते रहते हैं, पर आंख-कान जैसे अंगों की सेहत पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। हालांकि इन अंगों में होने वाली समस्याओं के कारण भी शरीर में गंभीर दुष्प्रभावों का जोखिम हो सकता है।

इस लेख में हम कान में अक्सर घंटी बजने जैसी आवाज आने की समस्या के बारे में जानेंगे। क्या आप भी इस तरह की दिक्कत महसूस करते रहते हैं? अगर हां तो तुरंत अलर्ट हो जाइए, कहीं ये टिनिटस की दिक्कत तो नहीं है? कानों की इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है क्योंकि जिन कारणों से ये समस्या विकसित होती है, उसके दीर्घकालिक जोखिम हो सकते हैं।

टिनिटस की समस्या के बारे में जानिए

कानों में आवाज आने की समस्या यानी टिनिटस के कारण आप अपने एक या दोनों कानों में घंटी बजने या शोर जैसी आवाज का अनुभव कर सकते हैं। आप जो आवाज सुनते हैं वह किसी बाहरी ध्वनि के कारण नहीं होता है और अन्य लोग इसे नहीं सुन सकते हैं।

टिनिटस बहुत आम सी समस्या है और यह लगभग 15% से 20% लोगों को प्रभावित करती है। विशेषरूप से वृद्ध लोगों में इसके होने का खतरा अधिक माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या के कारण हो सकती है जिसपर ध्यान देना और इलाज कराना बहुत आवश्यक हो जाता है।

कान में चोट या संक्रमण हो सकती है वजह

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, टिनिटस आमतौर पर किसी अंतर्निहित समस्या जैसे उम्र से संबंधित सुनने की बीमारी, कान में चोट या संक्रमण, संचार प्रणाली की समस्या के कारण हो सकती है। अगर इन स्थितियों का समय पर निदान या उपचार न हो पाए तो इसके कारण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का भी खतरा रहता है।

टिनिटस की समस्या का कारण सर्दी जैसा ऊपरी श्वसन संक्रमण भी हो सकता है, जिसपर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक होता है। टिनिटस का अगर समय पर इलाज न हो पाए तो इससे कानों में और भी कई तरह की दिक्कतें, यहां तक कि बहरापन भी हो सकता है।

हमेशा के लिए जा सकती है सुनने की शक्ति

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हमारे कान के आंतरिक हिस्से में छोटी, नाजुक कोशिकाएं होती हैं जो ध्वनि तरंगें मिलने पर हिलती हैं। यदि आंतरिक कान में कुछ समस्या आ जाए तो इसके कारण भी टिनिटस हो सकता है और समय पर इसका इलाज न होने पर कानों की शक्ति भी जा सकती है। इसके अलावा कानों में संक्रमण या कान की नलिकाओं में रुकावट के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है।

बिना मिक्सर के घर पर बनाएं ओरिगेनो और चिली फ्लेक्स, बढ़ जाएगा जायका

बाज़ार में मिलने वाले चिली फ्लेक्स और ऑरिगेनो काफी दिनों तक स्टोर किए जाते हैं और ये महंगे भी होते हैं, लेकिन आप चाहें तो इन्हें घर पर भी बना सकती हैं वो भी बिना मिक्सर के। चिली फ्लेक्स बनाने के लिए आपको सिर्फ 50 ग्राम सूखी लाल मिर्च लेनी है। इसे आप बिना मिक्सर के बनाना चाहती हैं तो इसका तरीका भी बहुत आसान है। इसका तरीका ये है कि आप इसे 1 घंटे के लिए धूप में सुखा दें। आपको कड़ी धूप चाहिए। बस यही है सीक्रेट ट्रिक जो आपको घर पर ही आसानी से चिली फ्लेक्स बनाने में मदद करेगी। इन्हें बनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि आप इन्हें धूप में सुखा दें। सूखी लाल मिर्च को अगर थोड़ी देर के लिए धूप में रख दिया जाए तो ये बहुत ज्यादा क्रिस्पी हो जाती है।

घर पर बिना मिक्सर के ऐसे बनाएं ऑरिगेनो

सबसे पहले अजवाइन के पत्ते आप धोकर सुखा लें। इसे तवे पर आप पलट-पलट कर सेकें जिससे ये ड्राई हो जाएं। जब ये पत्ते ड्राई हो जाएं तो आप इसे चूर लें। ये हाथों से ही चूरा हो जाएंगे और बस यही होगा आपका ऑरिगेनो आप इन्हें धूप में भी सुखा सकते हैं, लेकिन ये काफी दिन ले लेंगे सूखने में और इसलिए सबसे आसान तरीका यही होगा कि आप इसे तवे पर सेंक लें। अगर आप इन्हें माइक्रोवेव करना चाहें तो वो भी कर सकते हैं, लेकिन बीच में बार-बार इन्हें पलटें ताकि ये दोनों तरफ से अच्छे से सिंक जाएं और सूख भी जाएं। शुरुआत में ये हरा दिखेगा, लेकिन जब आप इसे स्टोर कर लेंगी तो ये बाजार में मिलने वाले ऑरिगेनो की तरह ब्राउन हो जाएगा।

भिंडी को रखना है लंबे समय तक तो अपनाएं जरूरी टिप्स

अगर आप ज्यादा भिंडी घर ले आए हों तो उसे स्टोर करने का सही तरीका जानकर खराब होने से बचा सकते हैं। भिंडी को लंबे समय तक हरी भरी और फ्रेश बनाए रखने के आसान टिप्स के बारे में जान लीजिए।

भिंडी को स्टोर करने के टिप्स: भिंडी को लंबे समय तक फ्रेश रखने के लिए उसे नमी से दूर रखना चाहिए। भिंडी खरीदकर लाएं तो पहले उसे फैलाकर सूखा लें ताकि उसपर लगा पानी सूख जाए। सब्जी में जरा सा भी पानी होने से वह जल्दी खराब हो जाती है।

-भिंडी को सूखे कपड़े में लपेटकर एयरटाइट कंटेनर में रखें। ताकि भिंडी में नमी न आने पाए। इससे भिंडी जल्दी खराब नहीं होती।

भिंडी को फ्रिज में रखने के टिप्स : -अगर भिंडी को फ्रिज में रख रहे हैं तो उसे पॉलीथिन या वेजिटेबल बैग में रखकर फ्रिज में रखें। पॉलीथिन में भिंडी रख रहे हैं तो उसमें 1-2 छेद जरूर कर दें।

रीढ़ की दिक्कतों से सामान्य कामकाज करना हो सकता है मुश्किल, योगासनों से मिलेगी राहत

शरीर को सीधा रखने, झुकने और दैनिक जीवन के अन्य आवश्यक कार्यों को करते रहने के लिए रीढ़ की हड्डी का स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि गड़बड़ लाइफस्टाइल के चलते पिछले कुछ वर्षों में रीढ़ की हड्डी से संबंधित समस्याओं के मामले काफी बढ़ गए हैं। विशेषज्ञ इसके लिए सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को प्रमुख कारक के तौर पर देखते हैं। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी कि जीवनशैली की गतिहीनता आपमें कई तरह के स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकती है। रीढ़ की हड्डी की समस्या भी इसका एक उदाहरण है।

भुजंगासन योग

रीढ़ की स्ट्रेचिंग के साथ लचीलेपन को बढ़ाने और कमर-गर्दन के दर्द को कम करने के लिए भुजंगासन योग के अभ्यास की आदत आपके लिए विशेष लाभप्रद होती है। भुजंगासन योग को विशेषज्ञ शरीर के पिछले हिस्से के अंगों के लिए काफी फायदेमंद अभ्यास के तौर पर देखते हैं। आपकी छाती, कंधे और पेट की मांसपेशियों के बेहतर स्ट्रेचिंग और स्वास्थ्य को बढ़ाने के लिए इसका नियमित अभ्यास किया जाना चाहिए। शारीरिक स्वास्थ्य के साथ भुजंगासन योग आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काफी कारगर योगाभ्यास माना जाता है।

कैट काऊ पोज का अभ्यास

कैट काऊ पोज या मार्जरी आसन को रीढ़ की समस्याओं में काफी फायदेमंद माना जाता है। रीढ़ की हड्डी को मजबूत बनाने से लेकर लचीलेपन को बढ़ाने और रक्त के संचार को ठीक बनाए रखने के लिए रोजाना इस योग का अभ्यास करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। मार्जरी आसन आपके धड़, कंधे और गर्दन की बेहतर स्ट्रेचिंग करने के साथ शरीर में रक्त परिसंचरण में सुधार करने में आपके लिए लाभकारी है।

अधोमुख शवासन योग

पीठ, कमर और रीढ़ से संबंधित दिक्कतों को दूर करने के लिए विशेषज्ञ अधोमुख शवासन योग के नियमित अभ्यास की आदत को लाभदायक मानते हैं। डाउनवर्ड फेसिंग डाग पोज रीढ़ के लचीलेपन को बढ़ाने और कमर की समस्याओं को दूर करने में आपके लिए विशेष लाभप्रद हो सकता है।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

प्रोड्यूसर बने 'टाइटैनिक' फेम लियोनार्डो बोर्डिंग स्कूल के काले सच पर बनाई फिल्म

ऑस्कर विजेता अभिनेता और निर्माता लियोनार्डो डिकैप्रियो फिल्ममेकर शैनन क्रिंग के साथ एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। दोनों ने आगामी डॉक्यूमेंट्री 'नाइन लिटिल इंडियंस' के लिए हाथ मिलाया है। इसमें अमेरिकन मूल निवासी बच्चों के साथ एक अमेरिकी बोर्डिंग स्कूल में हुई दर्दनाक कहानी को दिखाया जाएगा। लियोनार्डो डिकैप्रियो इसे प्रोड्यूस करेंगे।

ये डॉक्यूमेंट्री मौजूदा वक्त में पोस्ट प्रोडक्शन में है। इसकी कहानी चारोबोन्यू या शार बोह नोह बहनों और उनके बचपन के स्कूल के साथियों के बीच लगभग दो दशक लंबी कानूनी लड़ाई पर आधारित है। जिन्होंने साउथ डकोटा के सेंट पॉल इंडियन मिशन स्कूल में भयानक दुर्व्यवहार को सहा था। डेडलाइन के मुताबिक, यह फिल्म कैथोलिक चर्च को उनके विरुद्ध किए गए जघन्य अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराने के उनके संघर्ष को दिखाएगी। लियोनार्डो डिकैप्रियो की प्रोडक्शन कंपनी ऐपियन वे इस डॉक्यूमेंट्री को रेड क्वीन मीडिया और टेर्रा मैटर स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रही है। इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म में स्कूल की दो पूर्व नन और सेवादार के इंटरव्यू को दिखाया जाएगा, जिन्होंने उन पादरियों की सेवा की थी जिन पर बलात्कार और हत्या के आरोप थे। इस डॉक्यूमेंट्री का उद्देश्य अमेरिकी भारतीय बोर्डिंग स्कूलों के काले इतिहास को उजागर करना है। जिनकी स्थापना मूल अमेरिकी बच्चों को एंग्लो-अमेरिकन सभ्यता के बारे में बताने के लिए हुई थी। इन संस्थाओं का संबंध बलात्कार और हत्या के अनेक मामलों से रहा है।

टॉलीवुड

मोहनलाल-ममूटी को लेकर क्यों हो रहा बवाल, आस्था पर विवाद की वजह

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल सबरीमाला मंदिर में अपने दोस्त ममूटी के लिए प्रार्थना करके विवादों में घिर गए हैं। दोनों अभिनेता लगभग तीन दशक से एक दूसरे के दोस्त हैं। मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल अपनी फिल्म 'एल2 एम्पुरान' की रिलीज से ठीक पहले विवादों में घिर गए। हालांकि, इसका उनकी फिल्म से कोई लेना देना नहीं है। दरअसल, मोहनलाल 18 मार्च को सबरीमाला मंदिर में विशेष प्रार्थना करते हुए देखे गए। इसके बाद उनकी इस यात्रा का वीडियो वायरल हुआ। इस वीडियो में वह अपने करीबी दोस्त ममूटी के लिए प्रार्थना करते और आशीर्वाद मांगते हुए नजर आए। एक हिंदू सुपरस्टार ने अपने दूसरे धर्म के दोस्त के लिए मंदिर में प्रार्थना की, जिसके बाद एक वर्ग के लोग अभिनेता की आलोचना करने लगे और इस पर विवाद शुरू हो गया।

मोहनलाल और ममूटी दोनों ही सुपरस्टार हैं, जो तीन दशकों से ज्यादा समय से एक-दूसरे के दोस्त हैं। दोनों ने करीब 16 फिल्मों में साथ काम किया है। हाल ही में जब 73 वर्षीय ममूटी बीमार पड़े, तो मोहनलाल ने केरल के प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर का दौरा किया। हालांकि, उनकी यात्रा की रसीद सोशल मीडिया पर लीक हो गई और इससे आस्था को लेकर विवाद शुरू हो गया। ममूटी के जन्म के नाम मुहम्मद कुट्टी पर लीक हुई रसीद ने लोगों के एक वर्ग को यह सवाल उठाने पर मजबूर कर दिया कि क्या किसी गैर हिंदू धर्म के व्यक्ति के लिए मंदिर में प्रार्थना करना सही है॥ ऐसा नहीं है कि सिर्फ मोहनलाल पर ही मंदिर में अपने दोस्त के लिए प्रार्थना करने पर आपत्ति जताई जा रही है। पहला तर्क मोहनलाल को टार्गेट करता हुआ है, जहां उन्हें हिंदू देवता की पूजा करने और अपने दोस्त की बेहतरी की कामना करने के लिए धर्म विशेष समुदाय से माफी मांगने के लिए कहा जा रहा है। दूसरा तर्क यह है कि अगर ममूटी ने अपने दोस्त से मंदिर में उनके लिए प्रार्थना करने के लिए कहा तो उन्होंने अपने धर्म के खिलाफ काम किया।

बॉलीवुड

फिल्म 'रेड-2' में दिखेंगी भिलाई की श्रुति पांडे

हाल ही में अजय देवगन की फ़िल्म 'रेड-2' का पोस्टर और टीज़र रिलीज़ हुआ। जिसमें श्रुति अजय देवगन के साथ ऑफिसर की भूमिका में दिखाई दे रही हैं। भिलाई, रिसाली की रहने वाली श्रुति पांडे ने पिछले साल की ब्लॉकबस्टर रही फ़िल्म स्त्री-2 में भी काम किया था। अभी 'रेड-2' के पोस्टर रिलीज़ के बाद श्रुति चर्चाओं में हैं। भिलाई के एक न्यूज़ चैनल में बतौर एंकर के रूप में काम कर चुकी श्रुति पांडे ने सिनेमा से पहले थिएटर की जमकर बारीकियाँ सीखीं। उनकी एक्टिंग जर्नी काफ़ी सराहनीय रही है। भिलाई से ही की थी थिएटर की शुरुआत फिर मध्यप्रदेश स्कूल ऑफ़ ड्रामा के बैच 2017-18 में उनका चयन हुआ। नाटकों में अभिनय के साथ उन्होंने नाटकों का निर्देशन भी किया। साल 2019 में बड़े पर्दे का सपना लिए मुंबई पहुँचीं जहाँ बीसों प्रोजैक्ट्स में अपना हुनर आज़माने के बाद फ़िल्म लव आजकल २ में उन्हें एक छोटा ब्रेक मिला। इसके बाद फ़िल्म हैलमेट, ए थर्सडे, पटना शुक्ला, पवई आदि फ़िल्मों में भी काम किया। फ़िल्मों के साथ एड में उनका काम सराहा गया है। श्रुति पिछले चार साल से एक्सिस बैंक की प्रमोशनल फ़ेस हैं। कईं विज्ञापन, फ़िल्मों में काम कर चुकीं श्रुति ने अनुष्का शर्मा, अजय देवगन, कार्तिक आर्यन, अपार शक्ति ख़ुराना आदि प्रमुख कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर की है।

ट्रेंडसेटर-2025

सभी ट्रेंडसेटर अपने फैशन गेम को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आप साल 2025 का ट्रेंड समझना चाहते हैं, तो नियॉन एक्सेसरीज़ भी गजब ढाते दिखते हैं। रंगों का यह शानदार विस्फोट किसी भी पोशाक में तुरंत आकर्षण जोड़ देता है। ये एक्सेसरीज़ साल 2025 के फैशन में आपको और भी ज़्यादा चमकदार बना देंगी, चाहे वो नियॉन स्टेटमेंट इयररिंग्स हों या बेल्ट से लेकर शॉकिंग नियॉन टोन में टोट हैंडबैग तक सब कुछ।

मंगलसूत्र के कुछ खास डिजाइंस जो बढ़ा देंगे आपके रूप की शोभा

पुराने ट्रेडिशनल लगने वाले मंगलसूत्र के डिजाइंस से अगर आपका मन भी ऊब गया है, तो आपके लिए कुछ ऐसे मंगलसूत्र के डिजाइंस,जो आपका मन मोह लेंगे। आप ऑर्डर पर अपने लिए इन्हें कस्टमाइज कराने के लिए मजबूर हो जाएंगी।

अमेरिकन डायमंड मंगलसूत्र डिजाइंस

अब काले मोती की लड़ में सोने का लटकटा पेंडेंट वाला मंगलसूत्र आउटडेटेड हो चला है। अब जमान फैंसी लुक वाले मंगलसूत्र का है और सोने के मंगलसूत्र में आपको बहुत सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। मंगलसूत्र में अमेरिकन डायमंड वाला छोटा या बड़ा पेंडेंट भी लगवा सकती हैं। जहां तक बात काले मोती की है, तो अब शगुन के 11 या 21 काले मोती के साथ भी मंगल सूत्र तैयार हो रहे हैं, तो आप भी अपने लिए ऑर्डर पर ऐसा ही मंगलसूत्र बनवा सकती हैं।

नाम और फोटो वाले मंगलसूत्र डिजाइंस

नाम वाले मंगलसूत्र का फैशन नया नहीं है, मगर इस डिजाइन का क्रेज अभी तक महिलाओं के अंदर है और अब इसमें नया अपडेट यह है कि आपको फोटो फ्रेम के साथ इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे, जिसमें आप अपनी शादी की तस्वीर या फिर पति की फोटो लगवा सकती हैं। यदि दिखने में बहुत अच्छे लगते हैं। इस तरह के मंगलसूत्र में आपको डिजाइन ऑप्शन कम मिलेंगे, मगर आप फॉन्ट को अपनी पसंद के अनुसार चुनकर मंगलसूत्र को थोड़ा नया लुक दे सकती हैं।

कुंदन मंगलसूत्र डिजाइन

अगर आप हाथ और गले दोनों के लिए मैचिंग मंगलसूत्र डिजाइन तलाश रही हैं, तो आपको गोल्ड एवं आर्टिफीशियल दोनों में ही इस तरह के मंगलसूत्र मिल जाएंगे। यदि सिंपल कुंदन डिजाइन के मंगलसूत्र डिजाइन की तलाश में हैं, तो आपको इसमें छोटे और बड़े दोनों प्रकार के कुंदन में अलग-अलग शेप में मंगलसूत्र के पेंडेंट मिल जाएंगे, आपको केवल उनमें अपनी पसंद की चेन लगवानी होगी।

ऑफिस की पार्टी में बिखेरना है जलवा तो ऐसे कर सकते हैं कपड़ों का चयन

लोग अपनी असल जिंदगी में कितने भी स्टाइलिश हों, लेकिन जब बात दफ्तर की आती है तो हर कोई अपने दफ्तर में थोड़ा सिंपल लुक कैरी करना ही पसंद करता है। पर, जब भी कभी दफ्तर में पार्टी होती है तो हर कोई उस पार्टी में अपना स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहता है।

लड़कों के लिए पार्टी का आउटफिट चयन करने में कोई परेशानी नहीं होती, लेकिन जब बारी लड़कियों की आती है तो उन्हें पार्टी में जाने के लिए काफी सोचना पड़ता है। हर लड़की ऑफिस की पार्टी में जाने से पहले अपने आउटफिट से लेकर मेकअप तक का खास ध्यान रखती है। इसके लिए वो कई दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर देती है।

अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं। इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।

जमसूट: अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।

सीक्विन को-ऑर्ड सेट: रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

बार्बी ड्रेस: अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।

शॉर्ट ड्रेस: अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें। अगर आप ऐसी ड्रेस पहनकर पार्टी में जाएंगी तो लोग आपको पलट-पलट कर देखे बिना रह नहीं पाएंगे। इसके साथ हील्स जरूर पहनें और बालों को तो जरूर खुला ही रखें।

रिमूवर हो गया है खत्म तो परेशान न हों, इन चीजों के इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

हर लड़की की खूबसूरती में उनके नाखून चार चांद लगाते हैं। नाखूनों की खूबसूरती को और बढ़ाने के लिए बाजार में तमाम रंगों की नेल पॉलिश मिलती हैं। जिसका इस्तेमाल लड़कियां अपने आउटफिट के रंगों से मैच करके करती हैं। बहुत सी लड़कियां तो हर रोज नेल पॉलिश का इस्तेमाल करती हैं। इसके लिए उन्हें हर रोज नेल पॉलिश छुड़ानी भी पड़ती है। नेल पॉलिश छुड़ाने के लिए नेल पेंट रिमूवर इस्तेमाल किया जाता है, जो बेहद कम दाम में आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

लिक्विड के साथ-साथ अब तो नेल रिमूवर वाइप्स भी बाजार में मिलते हैं। सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते हम आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।

गर्म पानी: नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए

आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।

सिरका और नींबू: हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।

टूथपेस्ट: हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है।

बुखार से डल हो गया है चेहरा तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, त्वचा में आएगी चमक

आजकल बदलते मौसम की वजह से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार बुखार की वजह से लोगों का हाल काफी बेहाल हो जाता है। बहुत से लोगों के चेहरे पर दवाईयों की वजह से पिंपल्स होने लगे हैं तो कईयों का चेहरा काफी डल हो जाता है।

आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जानना चाहिए हैं, जिनको अपनाकर आप अपना निखरता हुआ चेहरा वापस पा सकते हैं। इन तरीकों को अपनाने के लिए आपको ज्यादा पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बस कुछ चीजों के इस्तेमाल से ही आपका चेहरा खिल उठेगा। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं।

नीम: अगर दवाईयां खाने की वजह से आपके चेहरे पर ज्यादा पिंपल्स निकल रहे हैं तो नीम आपके लिए रामबाण है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको नीम के पत्तों को पीसकर उसमें थोड़ी से हल्दी मिलानी है। इस पैक को चेहरे पर कुछ देर लगाने के बाद सादे पानी से चेहरा धो दें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा।

टमाटर: स्किन का ग्लो वापस पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकते हैं। टमाटर को मैश करके

उसमें थोड़ी सी चीनी या फिर शहद मिक्स करें और चेहरे पर लगाएं। इससे आप स्क्रब भी कर सकते हैं।

तुलसी: पूजा के साथ-साथ तुलसी का इस्तेमाल आप चेहरे के ग्लो को बरकरार रखने के लिए भी कर सकते हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर आप चेहरे पर लगा सकते हैं।

चंदन: अगर आपका चेहरा बुखार की वजह से काफी डल हो गया है तो चंदन को घिसें और पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगा लें। इस पैक को सूखने के बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

कार्नर न्यूज

इस मौसम में नया लुक देते हैं ओवरसाइज्ड आउटफिट

गर्मियों के दौरान पुरुष अपनाएं ऐसे फैशन टिप्स, मिलेगा कूल और स्टाइलिश लुक

गर्मी के मौसम में शॉर्ट्स और ओवरसाइज्ड टी-शर्ट घर में पहनने के लिए सबसे अच्छे आउटफिट्स में से एक है, लेकिन यह किसी अवसर के हिसाब से सही नहीं है। किसी भी अवसर के लिए आपका ड्रेसिंग सेंस अच्छा होना चाहिए। साथ ही ग्रूमिंग स्टाइल भी मौसम के अनुसार होना चाहिए। आप ये फैशन टिप्स फॉलो करें, ताकि आपको गर्मियों में किसी भी अवसर पर कूल और स्टाइलिश लुक मिल सके।

कपड़े फिट तो आप हिट

गर्मियों में कई पुरुष ढीले-ढाले कपड़े पहनना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपका फैशन खराब होता है। कपड़े कितने ही महंगे क्यों न हों या फिर कितने ही मनपसंद क्यों न हों, अगर ये आपकी बॉडी पर फिट नहीं बैठ रहे हैं तो लुक के लिए की गई आपकी सारी मेहनत बिल्कुल बेअसर हो जाएगी। इसी कारण जरूरी है कि आप मुलायम फैब्रिक के बॉडी फिट कपड़ों का ही चयन करें।

सफेद रंग के कपड़े चुनें

एक सफेद शर्ट या टी-शर्ट न

केवल जींस या ट्राउजर के साथ अच्छी लगती है, बल्कि यह चिलचिलाती गर्मी में आपके शरीर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। अगर आप पसीने के दाग के कारण सफेद पहनने से कतराते हैं तो इसकी जगह हल्के रंग के कपड़े चुनें और जींस की जगह ट्राउजर पहनें क्योंकि यह हल्का और आरामदायक होता है। महिलाओं पर भी ये सफेद रंग के आउटफिट्स खूब जंचते हैं।

जितना रहेंगे सोबर, उतना लगेंगे बेहतर

कई पुरूषों का माना है कि वे जितने ब्राइट और ज्यादा पैटर्न वाले कपड़े पहनेंगे, वे उतने स्टाइलिश रहेंगे, जो कि उनकी गलतफहमी है। यह लोगों का ध्यान खींचने में तो मदद करता है, लेकिन गलत ढंग से, इसलिए हमेशा सिंपल-सोबर और साफ-सुथरे रहें। इसी के साथ अपनी स्किन का भी अच्छे से ख्याल रखें क्योंकि ऊपरी तौर पर दिखने वाली चीजों के साथ बेसिक सुधारों पर भी ध्यान देना जरूरी है।

टोपी पहनने में न शर्माएं

आमतौर पर गर्मियों के दौरान लोग टोपी पहनना पसंद नहीं करते हैं, लेकिन आप इसे अपनी स्टाइल का हिस्सा बनाने में बिल्कुल भी न हिचकिचाएं। इसकी मदद से न सिर्फ आपका सिर सूरज की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से सुरक्षित रह सकता है, बल्कि इससे आपको कूल लुक भी मिल सकता है। पुरुषों को इसके साथ प्रयोग करने से नहीं शर्माना चाहिए।

शर्ट की स्लीव्स को रोल करें

यह गर्मियों के दौरान पुरुषों के लिए सबसे आसान और प्रभावी स्टाइलिंग हैक्स में से एक है और इसके लिए उन्हें ज्यादा कुछ करने की जरूरत भी नहीं है। बस फुल स्लीव्स की शर्ट पहनें और उसकी स्लीव्स को रोल करते हुए कोहनी के ऊपर रखें।